महानगर नई दिल्ली मंगलवार 17 मार्च, 2020, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

कोरोना के मद्देनजर केजरीवाल का एलान | 31 मार्च तक की रोक में धार्मिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम शामिल, शादी में छूट

# दिल्ली में पचास से ज्यादा लोगों की मौजूदगी पर रोक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि कोरोना विषाणु के बढ़ते कहर के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 31 मार्च तक 50 से अधिक लोगों की मौजूदगी वाले धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजनीतिक बैठकें करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि विवाह समारोहों को इस पाबंदी से मुक्त रखा गया है।



मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार ने मार्च अंत तक सभी जिम, नाइट क्लब और स्पा को भी बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक 50 से अधिक लोगों वाले धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजनीतिक बैठक नहीं होंगी। ये प्रतिबंध प्रदर्शनों पर भी लागू होंगे। उन्होंने कहा कि शादियों को कोरोना विषाणु के संबंध में जारी पाबंदियों से बाहर रखा गया है लेकिन तारीखों बाकी पेज 8 पर

## शाहीन बाग धरने पर 'कोरोना संकट'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ राजधानी के शाहीन बाग में बीते 90 दिनों से जारी धरने पर कोरोना विषाणु का कहर भारी पड़ सकता है। इस धरने को समाप्त कराने की अब तक हुई तमाम कोशिशों के नाकाम होने के बाद दिल्ली सरकार का ताजा फरमान यहां चल रहे धरने को खत्म कराने में निर्णायक साबित हो सकता है।

दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को यह घोषणा की कि कोरोना विषाणु के विस्तार पर लगाम लगाने के लिए शहर में आगामी 31 मार्च तक ऐसे किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक या अन्य कार्यक्रमों की बाकी पेज 8 पर

## अंकित की हत्या के मामले में ताहिर हुसैन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दिल्ली पुलिस ने गुप्तचर ब्यूरो (आइबी) के कांस्टेबल अंकित शर्मा की हत्या के मामले में आम आदमी पार्टी के निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन को दिल्ली की एक अदालत से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।



पिछले महीने उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान भीड़ ने आइबी कांस्टेबल अंकित की हत्या कर दी थी। हुसैन इसी मामले में आरोपी हैं। पुलिस ने मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पवन हिंस रजावत से हुसैन को पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में बाकी पेज 8 पर

# कुछ और देशों से आने पर पाबंदी

## 24 घंटे में कोरोना के चार नए मामले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 मार्च।

लद्दाख, ओड़ीशा, जम्मू-कश्मीर और केरल में सोमवार को कोरोना विषाणु से संक्रमण का एक-एक नया मामला सामने आने के साथ ही देश में कुल संक्रमितों की संख्या 114 पहुंच गई है।

**देश** में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 114 पहुंच गई। **011**23978046 के अलावा 1075 नंबर पर भी फोन कर कोरोना के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। **अब तक** 13 लोग ठीक होकर घर जा चुके हैं जबकि दो लोगों की मौत हुई है।

इधर, यूरोपीय संघ के देशों, तुर्की, यूरोपीयन मुक्त व्यापार संघ और ब्रिटेन से भारत की यात्रा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये निर्देश फिलहाल 31 मार्च तक जारी रहेंगे।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक यूएई, कतर, ओमान और बाकी पेज 8 पर

## स्वास्थ्य कर्मचारियों का योगदान सराहनीय



जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 मार्च।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोरोना विषाणु से मुकाबला करने में डाक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना विषाणु के फैलाव को रोकने के लिए समन्वित और एकजुट कदम उठाए जा रहे हैं और लोग स्वस्थ रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई बाकी पेज 8 पर

## 'इलाज का पूरा खर्च बिहार सरकार उठाएगी'

पटना, 16 मार्च (भाषा)।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि राज्य में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। बिहार विधानसभा में नीतीश ने कहा कि कोरोना से संक्रमित लोगों के इलाज पर होने वाले सारा खर्च का भुगतान मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से राज्य सरकार करेगी। राज्य में किसी भी बाकी पेज 8 पर

मध्य प्रदेश में विधानसभा सत्र 26 मार्च तक स्थगित

# कमलनाथ आज ही साबित करें बहुमत : राज्यपाल

भोपाल, 16 मार्च (भाषा)।

अपने पहले निर्देश का पालन नहीं किए जाने पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को पुनः एक पत्र लिखकर मंगलवार यानी 17 मार्च तक सदन में शक्ति परीक्षण करवाने व बहुमत सिद्ध करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो यह माना जाएगा कि वास्तव में आपको विधानसभा में बहुमत प्राप्त नहीं है।

इससे पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार को बचाने के लिए देश एवं विदेश में चल रही महामारी 'कोरोना वायरस' को सोमवार को अपना अस्त्र बनाया और विधानसभा की कार्यवाही करीब 37 मिनट चलने के बाद 26 मार्च तक स्थगित कर राज्यपाल लालजी टंडन के निर्देशानुसार कमलनाथ सरकार के आज होने वाले शक्ति परीक्षण को टाल दिया।

इस बीच, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री डॉ गोविंद सिंह ने देश में कोरोना वायरस के खतरे तथा इस मामले में बाकी पेज 8 पर

**विधानसभा** की कार्यवाही करीब 37 मिनट चलने के बाद 26 मार्च तक स्थगित कर दी गई। प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री डॉ गोविंद सिंह ने देश में कोरोना वायरस के खतरे तथा इस मामले में केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का हवाला।

**टंडन** ने पत्र में लिखा है कि मेरा आपसे पुनः निवेदन है कि आप संवैधानिक व लोकतंत्रीय मान्यताओं का सम्मान करते हुए 17 मार्च 2020 तक मध्य प्रदेश विधानसभा में शक्ति परीक्षण करवाएं और अपना बहुमत सिद्ध करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि वास्तव में आपको विधानसभा में बहुमत प्राप्त नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट कमलनाथ सरकार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने का निर्देश देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के लिए सोमवार को तैयार हो गया है। मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को 16 मार्च को सदन में अपना बहुमत साबित करने का निर्देश दिया था।

## कमलनाथ ने टंडन को पत्र लिखा

भोपाल, 16 मार्च (भाषा)।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को सुबह राज्यपाल लालजी टंडन को पत्र लिखकर कहा है कि उनकी पार्टी के विधायकों को भाजपा द्वारा कर्नाटक पुलिस के नियंत्रण में बंगलुरु में 'बंदी' के रूप में रखा गया है और ऐसी स्थिति में सदन में शक्ति परीक्षण कराना अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक होगा।

## फरवरी में थोक महंगाई घटकर 2.26 फीसद

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

फल, सब्जी, चाय, अंडे और दलहन, गेहूं और मक्का जैसे अनाज सस्ते होने के कारण फरवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआइ) आधारित महंगाई (मुद्रास्फीति) कम होकर 2.26 फीसद रह गई। इस साल जनवरी में थोक मुद्रास्फीति 3.1 फीसद थी। फरवरी 2019 में यह 2.93 फीसद पर थी।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2020 में खाद्य सामग्रियों की थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2020 के 11.51 फीसद से घटकर 7.79 फीसद पर आ गई। आलू और प्याज की थोक मुद्रास्फीति भी जनवरी 2020 के 293.37 फीसद और 87.84 फीसद से कम होकर फरवरी 2020 में क्रम से 162.30 और 60.73 फीसद पर आ गई।

**वाणिज्य** व उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2020 में खाद्य सामग्रियों की थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2020 के 11.51 फीसद से घटकर 7.79 फीसद पर आ गई।

आलोच्य माह के दौरान खाद्य पदार्थों व सब्जियों के दाम में 14 फीसद की कमी आई। इसके अलावा चाय आठ फीसद, अंडा व मक्का सात-सात फीसद, मसाले व बाजरा चार-चार फीसद, चना व ज्वार दो-दो फीसद और मीठे जल की मछलियां, सुअर मांस, रागी, गेहूं, उड़द व मसूर एक-एक फीसद सस्ते हो गए। हालांकि समुद्री मछली और भैंसे का मांस पांच-पांच फीसद, पान के पत्ते चार फीसद, मूंग और मुर्गे तीन-तीन फीसद, बकरे का मांस दो फीसद और जौ, राजमा व अरहर एक-एक फीसद महंगे हुए हैं। ईंधन व बिजली बाकी पेज 8 पर

## सूचकांक में दूसरी बड़ी गिरावट, 2,713 अंक लुढ़का

मुंबई, 16 मार्च (भाषा)।

चौतरफा बिकवाली से बंबई शेयर बाजार का सूचकांक सोमवार को 2,713 अंक का गोता लगा गया। यह दूसरा मौका है जब अंकों के आधार पर सूचकांक में इतनी बड़ी गिरावट आई है। कोरोना वायरस माहामारी की चिंता में एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के साथ घरेलू बाजार में भी गिरावट रही।

तीस शेयरों वाला बंबई शेयर बाजार का सूचकांक सोमवार को 2,713.41 अंक की गिरावट के साथ 31,390.07 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 757.80 अंक की गिरावट के साथ 9,197.40 अंक पर बंद हुआ। अंकों के आधार पर सूचकांक में यह एक दिन में दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 12 मार्च को सूचकांक और निफ्टी क्रम से 2,919.26 और 868.25 अंक टूटे थे।

चीन में कारखाना उत्पादन और खुदरा बिक्री आंकड़ा कमजोर रहने के बाद एशियाई बाजारों में जोरदार गिरावट आई है। इससे आशंका बढ़ी है कि कोरोना वायरस के कारण आर्थिक नरमी आ सकती है। इस बीच, अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने दूसरी बार नीतिगत दर में कटौती की। उसके बाद यह 0 से 0.25 फीसद के दायरे में आ गई है। 2008 में वैश्विक वित्तीय संकट के समय नीतिगत दर का यही स्तर था। सूचकांक के सभी शेयर बाकी पेज 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने मुकेश सिंह की याचिका खारिज की

# निर्भया मामले में तीन दोषी आइसीजे पहुंचे

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या कांड मामले के चार दोषियों में से तीन ने हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अदालत (आइसीजे) का दरवाजा खटखटाकर अपनी गैरकानूनी फांसी की सजा रोकने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया है कि दोषपूर्ण जांच के जरिए उन्हें दोषी करार दिया गया और उन्हें प्रयोग का माध्यम (गिनी पिग) बनाया गया है।

दोषी के वकील एपी सिंह के माध्यम से दायर याचिका में यह भी कहा गया है कि चारों दोषियों विनय शर्मा, पवन कुमार गुप्ता, अक्षय सिंह और मुकेश सिंह ने अभी तक अपने सभी कानूनी उपचारों का उपयोग नहीं किया है। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने सभी कानूनी विकल्पों को बहाल करने का अनुरोध करने वाली निर्भया सामूहिक बलात्कार व हत्याकांड के दोषी मुकेश सिंह की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

होग में दायर याचिका में कहा गया है कि यह सूचित करना बहुत महत्त्वपूर्ण है कि मौत की सजा पाए इन दोषियों के कानूनी उपचार/मुकदमे भारत में विभिन्न अदालतों/संवैधानिक संस्थाओं के समक्ष लंबित हैं, लेकिन बेहद आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में, केंद्रीय तिहाड़ जेल ने योजना तैयार कर ली है और उन्हें 20 मार्च को फांसी देने वाली है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि निर्भया मामले में दोषियों ने जांच के दौरान कई बार पॉलीग्राफ, लाइ डिटेक्टर और ब्रेन मैपिंग कराने का अनुरोध किया था, लेकिन ऐसे सभी अनुरोधों को बिना किसी तर्क के खारिज कर दिया गया।

आइसीजे से अनुरोध किया गया है कि वह मामले के एकमात्र चश्मदीद, पीड़िता के मित्र की गवाही झूठ होने की संभावनाओं की तत्काल जांच करें। उसमें दावा किया गया है कि दोषियों के साथ 'गिनी पिग' की भांति व्यवहार किया गया और उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। आइसीजे से अनुरोध है कि वह मामले में तत्काल जांच का आदेश दे।

# पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई राज्यसभा में नामित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 मार्च।

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गोगोई को राज्यसभा के लिए नामित किया है। उन्हें सेवानिवृत्त होने के करीब चार महीने बाद मनोनीत किया गया है।



इस संबंध में गृह मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में कहा गया, 'भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (ए), जिसे उस अनुच्छेद के खंड (3) के साथ पढ़ा जाए, के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति को रंजन गोगोई को राज्यसभा में एक सदस्य का कार्यकाल समाप्त होने से खाली हुई सीट पर मनोनीत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।'

यह सीट केटीएस तुलसी का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने से खाली हुई थी। गोगोई ने उस पांच न्यायाधीशों के पीठ का नेतृत्व किया जिसने पिछले साल नौ नवंबर को संवेदनशील अयोध्या मामले पर फैसला सुनाया था। वह उसी महीने बाकी पेज 8 पर

## दरअसल




पुष्टि में एक साल से 18 महीने का वक्त लगेगा | **उम्मीद** | प्रत्येक प्रतिभागी को अलग-अलग मात्रा में सुई लगाई जाएगी

# अमेरिका में कोरोना वायरस के टीके का परीक्षण

वाशिंगटन, 16 मार्च (एपी)।

अमेरिकी सरकार के एक अधिकारी के मुताबिक कोरोना वायरस से बचाने के लिए बनाए गए टीके का नैदानिक परीक्षण सोमवार से शुरू होने जा रहा है।

अधिकारी ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि परीक्षण के पहले प्रतिभागी को सोमवार को प्रायोगिक टीका दिया जाएगा। परीक्षण के बारे में सार्वजनिक तौर पर फिलहाल कोई घोषणा नहीं की गई है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआइएच) इस परीक्षण के लिए धन मुहैया करा बाकी पेज 8 पर

## हार्वर्ड मेडिकल स्कूल ने योग और ध्यान की सलाह दी

**अमेरिका** के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान ने कोरोना वायरस से जुड़ी व्यग्रता से निपटने के लिए योग, ध्यान लगाने व सांस पर नियंत्रण की सलाह दी है।

**हार्वर्ड** मेडिकल स्कूल ने अपने नए स्वास्थ्य दिशा-निर्देश में कहा है कि योग, ध्यान व सांस लेने पर नियंत्रण, 'शांत होने के कुछ सही व आजमाए हुए तरीके हैं।' 'कोरोन की व्यग्रता से निपटने' विषय पर लेख इस हफ्ते प्रकाशित हुआ है।



**नियमित** ध्यान बहुत राहत देने वाला है।' उन्होंने कहा, 'अगर आप योग नहीं करते हैं? जब तक मन करें तब तक कोशिश न करें। कई बार कुछ नई चीजें करना और नई गतिविधियों का पता लगा कर आप लाभ ले सकते हैं। योग स्टूडियो और पॉकेट योग जैसे ऐप पर विचार कर सकते हैं। वैसे वायरस को लेकर बुरी ही खबरें आएंगी। लेकिन लोगों को चाहिए कि वे जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों की बात सुनें जो उन्हें सही रास्ता दिखा सकते हैं।

*-जॉन शार्प, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के संकाय व यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के डेविड गेफन स्कूल ऑफ मेडिसिन के बोर्ड प्रमाणित मनोरोग चिकित्सक*

## 'कोरोना के इलाज में एचआइवी रोधी दो दवाओं का संयोजन अहम साबित'

जयपुर 16 मार्च (भाषा)।

राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोरोनो वायरस मरीजों के इलाज में एचआइवी रोधी दो दवाओं का संयोजन महत्त्वपूर्ण साबित हुआ है।

उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के मरीजों को एचआइवी रोधी दवाएं दी गईं और उनकी स्थिति में सुधार हुआ। राज्य में कोरोना वायरस के चार मरीजों में से तीन अब इस विषाणु से मुक्त हो गए हैं। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया कि राजस्थान के पहले दो कोरोना वायरस मरीज 69 वर्षीय और 70 वर्षीय इतावली दंपत्ति थे जिनमें फ्लू जैसे लक्षण बाकी पेज 8 पर

www.readwhere.com

कोरोना की बढ़ती महामारी को लेकर

## नगर निगम के सख्त निर्देश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

उपराज्यपाल अनिल बैजल के निर्देश के बाद उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने कोरोना विषाणु से बचाव करने और उसके फैलाव और नियंत्रण के लिए निगम अधिनियम 1957 की धारा 376 लागू करते हुए सोमवार को कई प्रकार के आदेश जारी किए गए हैं।

निगम स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र के सभी होटल, मोटल, अतिथि गृह, मॉल, बैंक्वेट हॉल, रेस्तरां, मार्केट-ट्रेडर एसोसिएशन, सभी रिहायशी कल्याणकारी संस्थाएं को यह सुनिश्चित करने कहा है कि उनकी संस्थापना के प्रवेश के निकट संक्रमण मुक्त करने की सुविधा (हाथ धोने के लिए साबुन व पानी और रोगाणुनाशक द्रव्य उपलब्ध हों।

वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रांगण में किसी एक स्थान पर विशेष रूप से अधिक लोग एकत्रित न हो। यह आदेश 31 मार्च तक लागू रहेंगे। निगम के आदेश में यह साफ कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना करेगा तो उसके खिलाफ तय कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तरी निगम के जनप्रतिनिधि दौरे पर

उत्तरी दिल्ली नगर निगम में मेयर, आयुक्त और नेता सदन ने कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु उत्तरी दिल्ली नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में संक्रमण रोधी दवा का किया छिड़काव और बैठकों का दौर जारी कर दिया है। उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह नें सोमवार को कोरोना विषाणु की रोकथाम हेतु उत्तरी दिल्ली नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों, केशवपुरम, सिविल लाईंस व शहरी व सदर पहाड़गंज कार्यालयों में संक्रमण रोधी दवा सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया। उधर उत्तरी दिल्ली नगर निगम के नेता सदन तिलक राज कटारिया ने शालीमार बाग क्षेत्र के अंदर सभी मार्केट स्थलों पर जाकर निगम के टॉयलेट ब्लॉकों का निरीक्षण किया। नेता विपक्ष सुरजीत सिंह पंवार ने अपने वार्ड किराड़ी से कोरोना विषाणु के खिलाफ जागरूगता अभियान की शुरूआत की।

## विदेशियों के प्रवेश पर रोक, बाहरी लंगर भी बंद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कोरोना विषाणु को रोकने की मुहिम के तहत हाल ही में विदेश से भारत आने वालों की दिल्ली के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारों में प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से एहतियातन रोक लगा दी है।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि केवल भारत में 15 दिनों से ज्यादा समय से रहने वाले विदेशी पर्यटकों को ही अब दिल्ली के गुरुद्वारों में प्रवेश मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना विषाणु के संक्रमण को रोकने के लिए गुरुद्वारा परिसरों के विभिन्न स्थानों पर सिख संस्थाओं व दानवीरों की ओर से लगाए जाने वाले बाहरी और निजी लंगरों पर भी तत्काल प्रभाव से पाबंदी लगाई गई है।

सभी सिख संस्थाओं व दानवीरों को मुख्य लंगर परिसर में ही अपना लंगर दान देने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर गुरुद्वारों के लंगर में कच्ची



*गुरुद्वारे* में प्रवेश के लिए घर से लेकर आएं व्यक्तिगत रुमाल।

सब्जियों आदि के स्थान पर पैकेट बंद दालों चावलों आदि को पकाने के लिए कहा गया है ताकि कोरोना विषाणु संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा परिसरों में कार्यरत सभी सेवादारों व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी शुरू करने से पहले पूरी तरह कीटाणु मुक्त होने और साबुन से हाथ धोने के लिए कहा गया है। सिरसा ने कहा कि गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की ओर से प्रयोग की जाने वाली रेलिंग, लिफ्ट, कुर्सियों आदि को बार-बार कीटाणुरहित करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मुख्य गुरुद्वारा परिसर में प्रवेश के लिए अपने सिर ढकने के लिए अपना व्यक्तिगत स्कार्फ (सिर ढकने का कपड़ा) घर से लाने के लिए कहा गया है।

## सभी सार्वजनिक वाहन होंगे किटाणुरहित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली ,16 मार्च।

मेट्रो व बसों के बाद दिल्ली सरकार ऑटो-रिक्शा, ग्रामीण सेवा, मैक्सी कैब, ईको-फ्रेंडली वाहन समेत अन्य वाहनों को निःशुल्क कीटाणुरहित करेगी। सार्वजनिक परिवहन सेवा के सभी डीटीसी और क्लस्टर बस डिपो को दो पालियों में संक्रमण मुक्त किया जाएगा।

यह अभियान 17 मार्च को शुरू होगा और इसे मुफ्त किया जाएगा। सभी डीटीसी और क्लस्टर बस डिपो में रोजाना दो पालियों में कीटाणु शोधन किया जाएगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी, जबकि दूसरी पाली शाम 4.30 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक होगी।

सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि हर किसी को अपने वाहन को प्रतिदिन कीटाणुरहित करना चाहिए, हालांकि यह सेवा सभी के लिए अनिवार्य नहीं है। 12 मार्च को, सभी अखबारों में सार्वजनिक सेवा वाहनों के मालिकों व ऑपरेटरों को इस अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए एक अधिसूचना जारी की गई।

इससे पहले, दिल्ली सरकार ने एक अधिसूचना जारी की थी, जिसके तहत दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी अंतर-राज्यीय बसों को अपने-अपने राज्यों से कीटाणु शोधन प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, आइएसबीटी परिसर में प्रवेश करने के बाद इन सभी बसों को फिर से कीटाणु रहित किया जा रहा है।



कोरोना महामारी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों का तापीय परिक्षण (थर्मल स्क्रीनिंग) करते विशेषज्ञ।

## दिल्ली में इंतजाम नाकाफी : बिधूड़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के अस्पताल कोरोना वायरस की वजह से फैल रही महामारी से निपटने में पूरी तरह अक्षम हैं। बिधूड़ी ने कहा कि अस्पतालों में न तो कोई आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है और न ही जांच केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, बिधूड़ी ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन की अगुआई में राम मनोहर लोहिया अस्पताल से लेकर सफदरजंग अस्पताल तक में किए गए इंतजामों की तारीफ की।

बिधूड़ी ने सोमवार को कोरोना वायरस की महामारी से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने पार्टी के साथी विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, ओपी शर्मा, अनिल वाजपेयी, अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन और अजय महावर के साथ दिल्ली सरकार के एलएनजेपी, जीबी पंत अस्पतालों का दौरा किया।इन अस्पतालों के दौरे के बाद बिधूड़ी ने अपने साथी विधायकों के साथ दिल्ली सरकार के भागीदारी वाले अपोलो अस्पताल का भी दौरा किया। वहां पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि सरकार का निर्देश मिलते ही अस्पताल में जांच केंद्र और लैब को शुरू कर दिया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

## छेड़खानी के मामले में विधायक मोहनिया बरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक दिनेश मोहनिया को 2016 के कथित छेड़खानी मामले में बरी कर दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विशाल पाहुजा ने 20 हजार रुपए के जमानती बांड के भरने पर मोहनिया को बरी कर दिया। जमानती बांड यह सुनिश्चित करने के लिए लिया जाता कि यदि बरी किये जाने को चुनौती देते हुए अपील दायर की जाती है तो संबंधित व्यक्ति की पेशी हो सके। अदालत ने कहा-मौजूदा मामले में प्रमुख गवाहों की गवाही में ठोस विरोधाभास और कमियां हैं।

## एहतियात के तमाम दावों के बीच अस्पतालों में दिख रही लापरवाही

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली, 16 मार्च।

कोरोना को लेकर महामारी जैसी घोषणाएं हो रही हैं और वैश्विक स्तर पर एहतियात बरतने की अपील की जा रही है। लेकिन दूसरी ओर चिकित्सा संस्थानों में ही इस पर अमल नहीं हो रहा है। अस्पतालों को संक्रमणरहित करने में कोताही के साथ ही, साफ-सफाई में लचर रवैया तो दिख ही रहा है सामूहिक कार्यक्रम से भी परहेज नहीं किया जा रहा है।

देश के सबसे नामी संस्थान में भी कोरोना को लेकर गंभीर एहतियात की कमी नजर आई। एम्स के नेत्र चिकित्सालय राजेंद्र प्रसाद नेत्र चिकित्सा केंद्र (आरपी सेंटर) का शनिवार को स्थापना दिवस था। इस मौके पर संस्थान को नेत्र चिकित्सा से जुड़ी रपट जारी करनी थी। इस बाबत संवाददाता सम्मेलन रखा गया था, लेकिन कोरोना के मद्देनजर यह प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी गई लेकिन समारोह चलता रहा। सफदरजंग अस्पताल में स्वास्थ्य इमरजंसी घोषित कर सम्मेलन व सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) तो रद्द कर दी गई है लेकिन दूसरे जरूरी एहतियात की कमी है। इसी तरह मरीजों के बैठने की जगह लिफ्ट या सीढ़ियों की लागातार सफाई भी नहीं हो रही। यहां काम कर रहे एक सफाईकर्मी ने बताया कि सुबह व शाम को सफाई हो रही है। शनिवार को फर्श की धुलाई होती है।

सफदरजंग अस्पताल में जहां सबसे अधिक कोरोना मरीज है वहां भी साफ-सफाई में मुस्तैदी का अभाव है। यहां मरीजों के प्रतीक्षा कक्ष में या ओपीडी में लगी कुर्सियों पर जिनती सफाई होनी चाहिए वह अभी भी नहीं दिखाई दे रही है। कहीं-कहीं दवा का छिड़काव तो हो रहा है लेकिन कुर्सियां, बेंच व स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की सफाई में कोताही है। छिड़काव के अलावा सैनिटाइजर से रेलिंग वगैरह पोछने का काम सुपरस्पेशियलिटी सेंटर में ही हो रहा है बाकी जगह पर ऐसा नहीं दिखा।

यही हाल एलएनजेपी व जीटीबी का भी है। कुछ अस्पतालों में मरीजों के जाने के बाद कार्यक्रम रखा गया। एलएनजेपी अस्पता के एक चिकित्सक ने कहा कि यहां बुखार व जुकाम के मरीजों का आना जारी है। इसलिए ओपीडी के दौरान हम कह नहीं सकते कि परिसर सुरक्षित है। इसलिए हम मरीजों से ही कर रहे हैं कि जुकाम या बुखार है तो मास्क पहनकर रखें। जीटीबी के चिकित्सकों ने कहा कि उन सभी को पर्याप्त मास्क नहीं मिल पा रहे हैं। मंगाने को कहा गया है।

### समारोह में आए 500 लोग

आरपी सेंटर में संवाददाता सम्मेलन को तो रद्द कर दिया गया। उसमें 20 से 25 लोग आने थे। लेकिन डॉक्टरों के स्थापना दिवस समारोह का कार्यक्रम रद्द नहीं किया गया जिसमें करीब 500 लोग जमा हुए। कार्यक्रम बंद हाल में किया गया। इस दौरान न तो हॉल की कुर्सियों को संक्रमण मुक्त किया गया था न ही हाथ मिलाने को लेकर परहेज दिखाई पड़ा। इतना ही नहीं समारोह में मुख्य कार्यक्रम के बाद लोगों को कार्यक्रम पूरा होने तक ठहरने आग्रह भी किया गया।

## लूटपाट का विरोध करने पर नाबालिग को किया घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

मंडावली थाना क्षेत्र में लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक नाबालिग के सिर को पत्थर मारकर घायल कर दिया। वारदात के बाद एक आरोपी पीड़ित का फोन लूटकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित आर्या पांडेय की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## सात देशों से आने वालों पर रहेगी नजर, सिनेमा हॉल बंद

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 16 मार्च।

सेक्टर- 39 स्थित जिला अस्पताल की नवनिर्मित इमारत में सात देशों से आने वाले लोगों के लिए 400 बिस्तर का क्वारेंटाइन केंद्र बनाया गया है। यहां आने वाले लोगों को 14 दिन की निगरानी में रखा जाएगा। उनके नमूनों की जांच की जाएगी। यदि कोई पॉजिटिव मामला निकलता है, तो उसे पृथक केंद्र (आइसोलेशन वॉर्ड) में रखा जाएगा। यह केंद्र ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स और नोएडा के बाल अस्पताल में बनाए गए हैं। नोएडा में 31 मार्च तक तरणताल, मल्टीप्लेक्स और सिनेमाहॉल बंद कर दिए गए हैं।

गौतमबुद्धनगर में कोरोना से प्रभावित सात देश चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया, इटली, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन की यात्रा से लौटे लोगों को 14 दिन के लिए क्वारेंटाइन केंद्र में भर्ती किया जाएगा। इसके लिए पूरे प्रदेश में 1093 बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। सीएमओ डॉ अनुराग भार्गव के मुताबिक इन देशों से आ रहे विदेशी एवं भारतीय लोगों को चिन्हित करने का काम शुरू हो चुका है। 15 फरवरी के बाद इन देशों की यात्रा पर गए लोगों पर विशेष निगाह रहेगी।

नोएडा विधायक पंकज सिंह, डीएम बीएन सिंह और सीएमओ ने सोमवार को बनाए गए केंद्र का जायजा लिया। क्वारेंटाइन केंद्र में जिन देशों से लाए गए लोगों को रखा जाएगा, इसके अभी गोपनीय रखा गया है। यहां लाए जाने वाले लोग चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। केंद्र में 200 बिस्तर नए अस्पताल और 200 बिस्तर स्टाफ क्वार्टर में बनाए गए हैं। अस्पताल को प्रत्येक दो घंटे के भीतर सेनेटाइज किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण के 40 स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई है। शहर के करीब तीन हजार कंपनियों में सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जागरुकता अभियान शुरू किया गया। चिकित्सकों की कई टीमों ने यहां कर्मचारियों से संवाद किया। कंपनियों में विदेश से लौटने वालों की जांच कराने की अपील की है।

प्रभावी व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के दौरान विदेश से लौटने वालों का पूरा ब्योरा लेगी। इस दौरान यदि किसी बैठक या अन्य समारोह में कोई विदेशी शामिल हुआ है, तो उस बारे में भी जानकारी लेकर साथ रहे कर्मचारियों व साथियों की भी जांच की जाएगी।

### स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टी रद्द

कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शहर के सभी सामुदायिक केंद्र व बारात घरों को 31 मार्च तक बंद कर दिया गया है। यहां किसी तरह के कार्यक्रमों के आयोजन पर रोक लगा दी गई है। साथ ही पहले की गई बुकिंग निरस्त कर दी गई हैं। रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी मल्टीप्लेक्स, तरणताल, सिनेमाहॉल को भी 31 मार्च तक बंद कर दिया गया है। साथ ही शासन की तरफ से स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। यदि स्वास्थ्य विभाग का कोई भी कर्मचारी अवकाश लेता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्राधिकरण ने अपने सभी कार्यालयों को किया विसंक्रमित

कोविड-19 (कोरोना वायरस) संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए नोएडा की सड़कों की धुलाई की जाएगी। साथ ही व्यस्त बाजारों में रसायन युक्त पोछा लगाया जाएगा। ऐसे बाजारों और स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। सावधानी के लिए यह कार्य सप्ताह में दो बार किया जाएगा। इसके लिए खासतौर पर ऐसी सड़कों को चुना गया है, जिनके दोनों किनारों पर फुटपाथ है। प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि वायरस का असर ना हो, इसके लिए सड़कों के उन हिस्सों की धुलाई की जाएगी, जहां लोग खुले में थूकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बाजारों में हाइफ्लोक्लोराइड रसायन युक्त पोछा लगाया जाएगा। अधिकारी कक्ष पर लगे सेनेटाइजर से दोबारा हाथ धोने के बाद ही अधिकारियों से मिल सकेंगे। सभी कार्यालयों के कमरों में फ्यूमिगेशन किया गया है। जो आइसोप्रोपनाइल का छिड़काव होता है। बचाव के लिए प्राधिकरण ने स्वास्थ्य विभाग में बायोमेट्रिक मशीनों से लगने वाली हाजिरी पर रोक लगा दी है।

### 'लेट्स फाइट कोरोना' की पहल

कोरोना वायरस जागरुकता एवं निवारक उपायों पर मेट्रो अस्पताल ने 'लेट्स फाइट कोरोना...' (आओ कोरोना से लड़े) नाम से सामाजिक पहल शुरू की है। मेट्रो अस्पताल की अध्यक्ष डॉ सोनिया लाल ने बताया कि भारत में एच1एन1 स्वाइन फ्लू की तरह और भी बीमारियां हैं, जो कोरोना से ज्यादा फैली हुई हैं। 20 सेकंड में पूरी तरह से हाथों को कीटाणु मुक्त करने का तरीका भी बताया।

## खबरों में शहर



### कक्षाएं बंद पर ऑनलाइन कक्षा जारी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 16 मार्च।

कोरोना के विश्वव्यापी बढ़ते खतरे के चलते एमिटी विश्वविद्यालय ने 31 मार्च तक कक्षाएं स्थगित कर ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन शुरू किया है। छात्रों के शिक्षण को प्रभावित होने से बचाने के लिए शिक्षक छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से पढ़ा रहे हैं। साथ ही उनकी शंकाओं का भी निवारण कर रहे हैं। लर्निंग प्रबंधन प्रणाली एवं आभासी (वर्चुअल) कक्षा व्यवस्था के तहत मौजूदा समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एहतियात के तौर पर संस्थान में निरंतर दवा का छिड़काव और आने वालों का तापीय परिक्षण (थर्मल स्क्रीनिंग) किया जा रहा है।

### अंधेरे में रहने को मजबूर लोग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 16 मार्च।

सेक्टर- 50 स्थित आम्रपाली ईडन पार्क सोसायटी के महंगे फ्लैटों में रहने वाले सैकड़ों निवासियों को अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) की मनमानी के चलते अंधेरे में रहने के अलावा तमाम तरह की समस्याओं को झेलना पड़ रहा है। कई निवासियों को पिछले पांच दिनों से अंधेरे में रहना पड़ रहा है। आरोप है कि भुगतान करने पर भी एओए प्रीपेड मीटर को रिचार्ज नहीं कर रहा है। पीड़ित निवासियों ने जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और थाना सेक्टर-49 पुलिस से भी शिकायत की है लेकिन राहत नहीं मिल सकी है। निवासियों ने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

बिल्डर ने 2016 में खरीदारों को कब्जा दे दिया था। सोसायटी के 319 फ्लैटों में 309 परिवार रह रहे हैं। सोसायटी के रख-रखाव और मरम्मत के लिए एओए का गठन किया गया। फ्लैटों में रहने वालों का आरोप है कि एओए निवासियों को लूटने में लगी हुई है। किसी ना किसी बहाने से निवासियों से रुपए ऐंठ रही है। आरोप है कि चार साल पहले लगे प्रीपेड मीटर सही चल रहे हैं लेकिन एओए इन्हें हटाकर नए लगाने का दबाव डाल रही है। जो निवासी पुराने मीटर से संतुष्ट है और नहीं बदलवा रहे हैं, उनकी बिजली काट दी गई है। एओए इन्हें रिचार्ज करने को तैयार नहीं है। सोसायटी के फ्लैट संख्या बी-406 में परिवार सहित रहने वाले अशोक कुमार दास ने बताया कि 10 मार्च होली वाले दिन से बिजली काट दी गई है। रिचार्ज कराने के लिए एओए को दो हजार रुपए दिए लेकिन एओए मीटर बदलने की नाम पर 9500 रुपए लेने की मांग पर अड़ी है। निवासियों का आरोप है कि सोसायटी ने रख-रखाव शुल्क 60 फीसद बढ़ा दिया है। उप रजिस्ट्रार ने जनवरी 2019 से एओए को कालातीत घोषित कर दिया है। इसके बावजूद पदाधिकारी अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं। सोसायटी में रहने वाली 79 वर्षीय डॉ. चित्रा जौहरी ने बताया कि लाखों-करोड़ों रुपए के फ्लैट में रहने वाले अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं, एओए अध्यक्ष जे. नारद का तर्क है कि सोसायटी के लोगों से बातचीत की जा रही है।

### अलग-अलग मामलों में वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 मार्च।

दक्षिणी दिल्ली पुलिस के थाना नेब सराय और हौजखास पुलिस ने दिल्ली के अलग-अलग थानों से वांछित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों से पूछताछ कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

दक्षिणी जिला पुलिस अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि दिल्ली के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वांछित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गाजियाबाद निवासी संजय कुमार चौहान, दिल्ली के गढ़ौली निवासी अनीश, सीमापुरी निवीास आशू व दीपक और उत्तम नगर निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है।

www.readwhere.com

# संकट और मदद

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में कोरोना संकट से निपटने के लिए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ जिस तरह से संवाद किया और मदद के हाथ बढ़ाए, वह सिर्फ सार्क देशों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा संदेश है। भारत ने इस तरह की पहल करके यह दिखाया है कि जब दुनिया एक महामारी का सामना कर रही है तो ऐसे में वह सारे मतभेदों को भुलाते हुए सबके साथ मिल कर इस चुनौती से निपटने को तैयार है और जो भी मदद मांगेगा, उसे दी जाएगी। कोरोना वायरस के संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने सार्क देशों के समक्ष एक आपात कोष बनाने का प्रस्ताव रखा और उसमें भारत की ओर से एक करोड़ डॉलर देने की घोषणा भी की गई। यह कदम इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि सार्क देशों में दुनिया की कुल आबादी का पांचवां हिस्सा रहता है और सार्क क्षेत्र में कोरोना के अब तक एक सौ चौहत्तर मामले सामने आए हैं, जिनमें एक सौ सात भारत में हैं। भारत का यह प्रयास जरूरी इसलिए भी है कि अभी सार्क देशों में कोरोना की स्थिति चीन या यूरोप की तरह बेकाबू नहीं हुई है।

चीन से फैली इस बीमारी ने जिस तरह से पूरी दुनिया को अपनी जद में ले लिया है, उसे देखते हुए यह डर बना हुआ है कि कहीं यह संक्रमण सार्क देशों में फैल जाए। हालांकि थोड़े-थोड़े मामले सभी देशों में देखने को मिले हैं। लेकिन अब सतर्कता जरूरी है। सतत निगरानी और बचाव के जरूरी उपायों से ही इसे फैलने से रोका जा सकता है। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, पाकिस्तान और अफगानिस्तान भारत के सबसे करीबी पड़ोसी हैं। ऐसे में इन देशों को बचाना और जरूरत पड़ने पर मदद करना भारत का दायित्व है। भारत ने सिर्फ पैसे के जरिए ही नहीं, बल्कि इलाज में इस्तेमाल होने वाले जरूरी सामान और उपकरणों की मदद भी देने की बात कही है। भारत ने कोरोना के मरीजों और संदिग्धों की पहचान और उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाला इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस पोर्टल तैयार किया है और सभी सार्क देशों को भी इसे उपलब्ध कराने की बात कही है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों की टीम भी भेजने का भरोसा दिया है। भारत इसी तरह की मदद के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जी-20 समूह के देशों की मदद का भी प्रस्ताव रख चुका है।

लेकिन दुख और हैरानी की बात यह है कि संकट के इन क्षणों में भी हमारा सबसे करीबी पड़ोसी देश पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। जब प्रधानमंत्री मोदी मदद के लिए हाथ बढ़ा रहे थे और दूसरे राष्ट्राध्यक्ष गंभीरता से उन्हें सुन रहे थे, तब पाकिस्तान ने सीधे कश्मीर की बात की। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री तो इस बैठक में शरीक भी नहीं हुए और उन्होंने स्वास्थ्य मामलों के अपने एक विशेष सहायक जफर मिर्जा को बैठक में भेज दिया। इससे पता चलता है कि संकट के वक्त में भी पाकिस्तान की प्राथमिकता क्या है। बेहतर होता इमरान खान खुद बैठक में पहुंचते और कोरोना से निपटने के लिए मदद का कोई ऐसा प्रस्ताव रखते या ऐसी बात करते जिसमें इंसानियत झलकती। इसके उलट जफर मिर्जा ने यह कह दिया कि हालात की गंभीरता को देखते हुए भारत सबसे पहले जम्मू-कश्मीर से सारे प्रतिंबध हटाए। हालांकि पाकिस्तान से किसी अच्छी पहल की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। जब दुनिया में लोग महामारी से मर रहे हों और खुद पाकिस्तान भी इससे अछूता नहीं है, ऐसे में कश्मीर का मुद्दा उठा कर उसने अपना असली चेहरा ही दिखाया है।

# सेहत की सूरत

देश में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत किसी से छिपी नहीं है। यह तब ज्यादा साफ होकर उभरती है, जब अचानक ही सेहत संबंधी कोई बड़ा संकट खड़ा हो जाता है। हालांकि अपनी सीमा में समूचा तंत्र चुनौतियों का सामना करने की कोशिश करता है, लेकिन अक्सर ऐसे मामले सामने आते हैं, जब लगता है कि हमारा स्वास्थ्य तंत्र न केवल संसाधनों, बल्कि सेवा संबंधी कमियों की वजह से भी संतोषजनक नहीं है। शायद इसी तरह की समग्र तस्वीर पर गौर करने के बाद संसद की एक स्थायी समिति ने स्वास्थ्य देखरेख की वास्तविकता का पता लगाने और उपलब्ध मानव संसाधनों का उपयोग करने में देश के वर्तमान स्वास्थ्य ढांचे को विफल बताया है। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संबंधी इस स्थायी समिति ने देश में चिकित्सा पेशे को बेहतर बनाने के लिए उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सहयोग करने और गुणवत्ता में सुधार के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी यानी पीपीपी को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है। चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता की बुनियाद सीधे-सीधे संसाधनों, पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण पर निर्भर है। इसलिए समिति ने इसके हरेक पाठ्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने पर जोर दिया है। जाहिर है, अगर इन सुझावों पर सरकार आगे बढ़ी तो पाठ्यक्रम निर्धारण, व्यावहारिक प्रशिक्षण और मूल्यांकन के मानकीकरण को सुनिश्चित करना होगा।

इसमें दो राय नहीं कि अब तक चिकित्सा संबंधी पढ़ाई और प्रशिक्षण के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता का दावा कमोबेश सही रहा है। इसके बावजूद आज भी कई स्तरों पर कमियां दर्ज की जा रही हैं और अच्छा यह है कि उस पर गौर करके उसे दूर करने की कोशिश भी हो रही है। हालांकि यह देखने की बात होगी कि स्वास्थ्य क्षेत्र की समस्या के हल के लिए जो रास्ते अपनाए जा रहे हैं, उनका हासिल कैसी तस्वीर रचेगा। मसलन, समिति ने गुणवत्ता में बेहतरी के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर जोर दिया है। सही है कि निजी भागीदारी से सेवा की गुणवत्ता को बेहतर करने का दावा किया जाता रहा है। लेकिन क्या यह मान लिया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के तहत मुहैया कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं निजी भागीदारी से ही बेहतर और गुणवत्ता से युक्त होंगी? यह किसी से छिपा नहीं है कि महानगरों से लेकर शहरों और कस्बों तक में निजी क्षेत्र की चिकित्सा-व्यवस्था की सुविधा का लाभ किन लोगों को और कितना मिल पाता है! इसके समांतर सार्वजनिक क्षेत्र के जो अस्पताल समाज के कमजोर तबकों की आम पहुंच में रहते हैं, जबकि निजी संचालन वाली चिकित्सा तक पहुंच एक खास तबके तक सिमट कर रह जाती है।

यह तथ्य है कि देश में आज भी चिकित्सकों की भारी कमी है। इसी तरह अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं से लेकर चिकित्सा के आधुनिक संसाधनों के मामले में भी स्थिति बेहतर नहीं है। देश के स्वास्थ्य ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार को हर संभव कदम उठाना चाहिए। लेकिन पीपीपी के विकल्प की ओर बढ़ने के बजाय खुद सरकार को अपने स्तर पर इस मोर्चे पर ठोस कदम क्यों नहीं उठाना चाहिए! आखिर देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे अस्पताल चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन गुणवत्ता के लिए ही जाने जाते हैं। विडंबना यह है कि देश के बजट में आज भी स्वास्थ्य क्षेत्र के मद में अपेक्षा से काफी कम राशि आबंटित की जाती है। इस लिहाज से देखें तो संसदीय समिति के सुझाव अहम हैं, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि सार्वजनिक क्षेत्र के जो अस्पताल समाज के कमजोर तबकों के लिए सहारा रहे हैं, पीपीपी के बाद उनका स्वरूप कैसा रहेगा और अच्छी चिकित्सा तक कितने लोगों की पहुंच रहेगी!

## कल्पमेधा

उड़ने के बजाय जब झुकते हैं, तब बुद्धि के ज्यादा पास होते हैं।
– वर्ड्सवर्थ

# विनाश से बचने के विकल्प हैं गांधी

जगमोहन सिंह राजपूत

**भारत का दुर्भाग्य यह रहा कि सामाजिक सद्भाव और पंथिक समरसता का जो मंत्र गांधी देश को सिखा गए थे, उसे स्वतंत्रता के बाद की राजनीति ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। यदि गांधी के प्रति राष्ट्र का सम्मान वास्तविक और व्यावहारिक होता, तो क्या फरवरी 2020 के अंतिम सप्ताह में छत्तीस घंटे तक दिल्ली में हुई हत्याएं, लूट, हिंसा संभव थी?**

वर्ष 1996 में यूनेस्को के तत्वावधान में आयोजित एक सम्मलेन में विश्व के समक्ष उपस्थित समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श में यह उभरा कि मूल रूप से हर देश प्रगति और विकास की सही अवधारणा की खोज से जूझ रहा है। ऐसा भी कोई देश नहीं है जिसके सामने आर्थिक संकट समस्या बन कर न उपस्थित हो। इसी प्रकार हर देश 'किसी न किसी प्रकार के नैतिक संकट' से भी ग्रस्त है। पिछले पच्चीस वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। वैश्विक समस्याओं का निर्धारण और उनके समाधान की प्राथमिकताएं अलग-अलग ढंग से देखी और समझी जा सकती हैं, मगर ऊपर लिखे तीनों पक्ष कहीं भी सुलझ गए हों, ऐसा उदाहरण शायद ही मिल सके।

आज के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन और उससे जुड़े अनेक पक्ष समस्या बन कर उभरते हैं, जल और वायु की अलग-अलग स्थितियां भी विकट होती जा रही हैं। मनुष्य और प्रकृति के संबंध लगातार छिन्न-भिन्न होते जा रहे हैं, सुधारने के उपाय अपर्याप्त हैं, विकसित देश सहयोग करने में आनाकानी करा रहे हैं। इसके साथ ही हिंसा, युद्ध, आतंक, असुरक्षा, अविश्वास करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मनुष्य और प्रकृति के आपसी संबंध तहस-नहस हो चुके हैं। हर चर्चा में समस्याओं की सूची बढ़ती जाती है। यह भी हमारे समक्ष स्पष्ट है कि इक्कीसवीं सदी के दो दशक पूरे हो रहे हैं, मगर भौतिकवाद की दौड़ में कोई कमी नहीं आई है, परिणामस्वरूप अनेक देश हिंसा और हथियारों के जखीरे को प्रगति और विकास का पर्याय मानते हुए उसी को बढ़ाने में लगे हैं।

इस समय विश्व में सामजिक सरोकार भी अप्रत्याशित गति से बदल रहे हैं। यूरोप के अनेक देश जो एक जाति, धर्म और भाषा से सदियों से परिचित रहे, आज बड़े बदलावों को संभालाने के प्रयासों में लगे हैं। जनसंख्या, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भाषा, रंग, धर्म इत्यादि सभी के अनुपात तेजी से बदल रहे हैं। जहां विविधता की स्वीकार्यता का अनुभव नहीं है, वहां अविश्वास, आशंका और हिंसा लगातार बढ़ रहे हैं। अपेक्षा तो यह थी कि अपने हजारों साल के 'हर प्रकार की विविधता की व्यावहारिक स्वीकार्यता' के अनुभव के आधार पर भारत वैश्विक परिवर्तन में असमंजस के इस कठिन दौर में विश्व को रास्ता दिखाएगा। इस अपेक्षा को अनेक प्रबुद्ध जन बहुत पहले से ही विश्व के सम्मुख रखते आ रहे हैं। भारत की इस संस्कृति को गहराई तक समझने वाले डा. अर्नाल्ड टायनबी ने उसके महत्त्व को इन शब्दों में वर्णित किया था-'यह भली भांति स्पष्ट हो रहा है कि एक अध्याय जिसकी शुरुआत पाश्चात्य थी, उसका समापन भारतीय होगा....। मानव इतिहास के इस सबसे अधिक खतरनाक क्षण में मानव जाति की मुक्ति का यदि कोई रास्ता है तो वह भारतीय है- चक्रवर्ती अशोक और महात्मा गांधी का अहिंसा के सिद्धांत और रामकृष्ण परमहंस के धार्मिक सहिष्णुता के उपदेश ही मानव जाति को बचा सकते हैं। यहां हमारे पास एक ऐसी मनोवृत्ति व भावना है जो मानव जाति के लिए एक परिवार के रूप में विकसित होने में सहायक हो सकती है और इस अणुयुद्ध में विनाश का यही विकल्प है।'

महात्मा गांधी के विश्व पटल पर उभरने के बाद इस सोच को सारी दुनिया में सराहना तो मिली, मगर उसे अपनाने का साहस मार्टिन लूथर किंग जूनियर और नेल्सन मंडेला जैसे लोग ही कर सके। भारत की संस्कृति में जो सर्वश्रेष्ठ था, अद्वितीय था, उसे गांधी ने पहचाना, परखा और रोजमर्रा के जीवन में व्यवहार में अंतर्निहित किया। उन्होंने लोगों को एकजुट होकर राष्ट्रीय संघर्ष में सब कुछ भूल कर केवल भारतीय होकर शामिल होने का सफल आह्वान किया था। भारत का दुर्भाग्य यह रहा कि सामाजिक सद्भाव और पंथिक समरसता का जो मंत्र गांधी देश को सिखा गए थे, उसे स्वतंत्रता के बाद की राजनीति ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। यदि गांधी के प्रति राष्ट्र का सम्मान वास्तविक और व्यावहारिक होता, तो क्या फरवरी 2020 के अंतिम सप्ताह में छत्तीस घंटे तक दिल्ली में हुई हत्याएं, लूट, हिंसा संभव थी? इसके कारण तो संचार माध्यमों द्वारा चर्चित होते रहेंगे, राजनेता अपने-अपने दलगत स्वार्थों से आगे नहीं बढ़ेंगे और सार-तत्व आरोपों और प्रत्यारोपों में खो जाएगा। जब तक भारत का संपूर्ण समाज और राजनीति से अनछुए प्रबुद्ध जन आगे नहीं आएंगे, तब तक देश अपने सही रास्ते, अपनी क्षमता और वैश्विक उत्तरदायित्व को नहीं पहचान पाएगा। इसका खमियाजा सारे विश्व को उठाना पड़ेगा।



भारत क्या अपने उस राष्ट्रपिता के सिद्धांतों को अनदेखा कर सकता है, जिसके देहांत पर फ्रांस के मशहूर सोशलिस्ट नेता लीओन ब्लूम ने कहा था- 'न मैंने उन्हें देखा है, न उनके देश गया हूं, न उनकी भाषा जानता हूं, लेकिन मुझे लग रहा कि मेरा निकट का स्नेही परिवारजन ही बिछुड़ गया है। सारा विश्व दुःख में डूब गया है।' आइंस्टीन ने लिखा था कि गांधी जैसी वैश्विक स्वीकार्यता, जन-प्रेम और श्रद्धा केवल उच्चतम स्तर के नैतिक आचरण द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है। क्या भारत के हर बच्चे को अपने संवेदनशील वर्षों में ही इस प्रकार के तथ्यों को नहीं जानना चाहिए? विचारणीय है कि हमने शिक्षा में नैतिकता और चरित्र निर्माण को उचित स्थान क्यों नहीं दिया। आज विश्व में विकसित देश ही नहीं, गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा से जूझ रहे देश भी नए-नए हथियार खरीदने पर क्षमता से अधिक खर्च कर रहे हैं, परमाणु हथियारों से अपनी संपन्नता को गवर्पूर्ण ढंग से प्रचारित करते हैं। इनके सामने गांधी के विचारों, मूल्यों और सिद्धांतों को तो वही रख सकता है जो उनका कम से कम आंशिक रूप से पालन कर रहा हो। ऐसी अपेक्षा तो भारत से ही की जा सकती है और लोग कर भी रहे हैं, मगर हम स्वयं अपना घर ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो किसी और को कैसे राह दिखा सकते हैं? सामान्यतः निरस्त्रीकरण की कोई संभावना आज के वातावरण में नज़र नहीं आती है।

अर्नाल्ड टायनबी सम्माननीय विद्वान, अध्ययनकर्ता, दार्शनिक और नव-ज्ञान के सर्जक के रूप में जाने जाते रहे। उन्होंने गांधी के रास्ते को मानवता के बचाने का विकल्प माना और ऐसा मानने वाले वे अकेले नहीं थे। गांधी के प्रभाव का विस्तार कितना वृहद् और विस्तृत था, इसका अनुमान आज भी लोगों को आश्चर्य में डाल देता है। जनरल डगलस मकार्थर मित्र-राष्ट्रों की उन सेनाओं के सर्वोच्च सेनानायक थे, जिन्होंने जापान पर कब्जा किया था। उनका सारा जीवन हिंसा को समझने, उसका उपयोग कर दूसरों द्वारा की जा रही हिंसा को शांत करने, यानी युद्ध में विजय प्राप्त करने में ही लगा रहा। वे युद्धक हथियारों की उपयोगिता और उपयोग के उच्चतम स्तर के विशेषज्ञ माने जाते थे। गांधी के सिद्धांतों के प्रति उनके उद्गारों को कुछ इस तरह समझा जा सकता है- 'सभ्यता के विकास में और यदि उसे जारी रहना है, यह समझना आवश्यक है कि सभी मनुष्यों द्वारा गांधी के इस विश्वास को स्वीकार करना ही होगा कि बल प्रयोग द्वारा विवादों का सुलझाया जाना न केवल गलत है, बल्कि उसमें मानव जाति के लिए आत्मघाती तत्व निहित हैं।' यह एक ऐसे व्यक्ति का विश्लेषण है जिसकी प्रखरता, अनुभव और प्रतिबद्धता पर प्रश्न चिह्न लगाना किसी के लिए भी कठिन होगा।

यहां केवल चार संदर्भ दिए गए हैं: राजनेता, विद्वान, वैज्ञानिक और योद्धा! अनगिनत संदर्भों का हवाला दिया जा सकता है। रास्ता तो ज्ञात है, मगर उस पर चल सकने की रणनीति निर्धारित करना उतना ही कठिन है, जितना कि किसी भी देश को आज अपनी विकास की अवधारण निश्चित कर पाना। उचित और उपयोगी मार्ग तो ज्ञान, विवेक और नैतिकता के पथ पर चल कर ही ढूंढ़ा जा सकता है। इन तीनों का द्वार उस सार्वजनिक प्रारंभिक शिक्षा द्वारा खुलता है, जिसकी जड़ें गहराई तक देश की संस्कृति में समाई हों और जो नए ज्ञान को ग्रहण करने के लिए सदा प्रतिबद्ध हो।

# मिट्टी में खेलना

निर्मल कुमार शर्मा

**दुनिया मेरे आगे**

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक रूसो ने कहा है कि 'कोई बच्चा खेल रहा है तो उसे स्वच्छंद खेलने दीजिए। इस पर आपका प्रश्न होगा कि बच्चे व्यर्थ में खेलने में समय बर्बाद करेंगे तो उनका व्यक्तित्व कब निखरेगा, वे कब पढ़ेंगे! यहां मेरा प्रति-प्रश्न है कि उस बच्चे का बचपना क्या आप फिर एक बार लौटा सकते हैं? आप कहेंगे कि जी नहीं। तो आपको उस बच्चे को खेलने से रोकने का कतई अधिकार नहीं रखते हैं। उन्हें इस धरती पर स्वच्छंद रूप से खेलने दीजिए... उनके व्यक्तित्व का स्वाभाविक और नैसर्गिक विकास होने दीजिए।'

प्राचीन काल से ही भारत के गांवों में हमारे बड़े-बुजुर्ग अक्सर कहा करते थे कि मानव शरीर मिट्टी का बना है... यह एक दिन मिट्टी में ही मिल जाएगा। इसका जरूरत से अधिक ध्यान रखने से कुछ नहीं मिलेगा। लेकिन आज के कथित आधुनिक मां-बाप लाड़-प्यार में अपने बच्चों पर मिट्टी का एक कण भी नहीं लगने देते! पुराने जमाने के बच्चे सारा दिन मिट्टी में ही खेलते रहते थे और वे निश्चित तौर पर आज की नौजवान पीढ़ी से हर तरह से मानसिक और शारीरिक दृष्टिकोण से अधिक स्वस्थ रहते थे। बच्चों को मिट्टी में खेलने देने से उन्हें कई तरह के फायदे हो सकते हैं। मिट्टी में खनिज, जल, वायु, कार्बनिक पदार्थ और अनगिनत जीवों के जटिल मिश्रण पाए जाते हैं। मिट्टी को 'पृथ्वी की त्वचा' भी कहा जाता है। साथ ही यह शरीर को कई बीमारियों से दूर रखने में भी मदद करती है। पुराने जमाने में कोई चोट लग जाने पर एक खास मिट्टी, अक्सर खेत की शुद्ध काली मिट्टी का लेप लगा कर ही चोट को ठीक कर लिया जाता था। मुल्तानी मिट्टी का 'फेसपैक' भी मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्त्वों के कारण ही इतना फायदेमंद है। मिट्टी में सेहत के अनुकूल कई तरह के बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। बच्चा चाहे गरीब का हो या फिर अमीर का, मिट्टी में खेलना हर बच्चे की पहली पसंद होती है। यह अलग बात है कि कई मां-बाप बच्चों को मिट्टी में नहीं खेलने देते। उन्हें डर होता है कि कहीं बच्चों में संक्रमण न फैल जाए। लेकिन ऐसा कतई नहीं है।

बच्चों के दिमाग में सबसे अधिक नए-नए विचार आते रहते हैं। मिट्टी में जब बच्चे खेलते हैं तो वे अपने विचारों को एक नया रूप देते हैं। रोजाना ऐसा करने से उनकी रचनात्मक सोच में वृद्धि होती रहती है। आजकल अक्सर हम देखते हैं कि बच्चों को जुकाम बहुत जल्दी हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है कि बच्चों का 'इम्यून सिस्टम' यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो चुकी है। अगर हम अपने बच्चों को मिट्टी में खेलने देते हैं, तो इससे बच्चे की रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ेगी। साथ ही उन्हें मानसिक तौर पर भी मजबूती मिलती है। हाल ही में एक नए शोध में अमेरिका की 'यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल' में हुए एक शोध के अनुसार जो मां-बाप अपने बच्चों को बचपन में मिट्टी में खेलने से रोकते हैं, उन बच्चों को आगे चल कर रक्तचाप और अन्य कई खतरनाक बीमारियों के होने का खतरा कई गुना ज्यादा बना रहता है, बनिस्बत उन बच्चों के जो स्वच्छंद रूप से खुले, कच्चे मैदानों या पार्कों में खेलते रहते हैं। इसलिए अपने बच्चों को जितना हो सके, खुले वातावरण में हंसने और खेलने के लिए भेजना चाहिए।

आजकल बच्चे ज्यादातर 'इनडोर गेम्स' यानी घरों के भीतर खेलना पसंद करते हैं। मां-बाप बच्चों को वीडियो गेम खुद लेकर देते हैं, पर वे इस बात को नहीं जानते कि इन सबके इस्तेमाल से उनका दिमाग धीरे-धीरे मंद होता जा रहा है। जबकि मिट्टी में खेलने से बच्चों का मस्तिष्क तेज होता है। उनका स्वाभाविक शारीरिक और मानसिक विकास होता है। साथ ही बच्चे वातावरण से जुड़े रहते हैं। उनकी शारीरिक गतिविधि भी इसी सहारे बहुत होती रहती है। मिट्टी की खुशबू और मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म लाभदायक कीटाणु बच्चों के मिजाज को हमेशा खुशनुमा बनाए रखते हैं। इसके अलावा, दूसरे बच्चों के साथ मिट्टी में खेलना उनके तनाव के स्तर को कम करता है। इसलिए बच्चों को मिट्टी में खेलने की अनुमति देना उनको सुकून देने और शांत रखने में मदद करता है। जिन बच्चों को खुले वातावरण और मिट्टी में खेलने की इजाजत नहीं मिलती, उन बच्चों को प्रकृति के महत्त्व के बारे में बहुत कम जानकारी हो पाती है। बाहर खुले मैदानों में, पार्कों में खेलने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि मिट्टी में पाए जाने वाले तत्त्व बच्चों की त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। असल में मिट्टी में खेलने से त्वचा के रोमकूप खुलते हैं, जिससे संपूर्ण शरीर का रक्त का संचार बढ़िया तरीके से होता है। बच्चों को मिट्टी में खेलने देने से उन्हें बड़ी से बड़ी बीमारी की चपेट में आने से भी बचाया जा सकता है।

## तेल का खेल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से गिरे हैं। भारत के लिए यह राहत की खबर है। इसी साल यानी 2020 में ही दाम करीब 45 फीसद तक गिर चुके हैं। दाम गिरने की वजह रूस और सऊदी अरब के बीच टकराव है। सऊदी अरब तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक का सबसे ताकतवर सदस्य है और दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक भी। रूस उन देशों में एक बड़ी हैसियत रखता है जो ओपेक के सदस्य नहीं हैं लेकिन तेल निर्यात करते हैं। ये दोनों ही पिछले कुछ समय से मिल कर काम कर रहे थे और उन्हें ओपेक प्लस कहा जाता है। ओपेक प्लस ने मिल कर यह तय कर रखा था कि ये सारे देश कुल मिला कर हर महीने कितना तेल निकालेंगे, ताकि कच्चे तेल का बाजार भाव एक सीमा से नीचे न गिर पाए।

इसके लिए जरूरी था कि सभी देश अपने लिए तय सीमा से ज्यादा तेल उत्पादन न करें। बल्कि समझौता तो यह भी था कि दाम गिरने पर ये देश अपना-अपना उत्पादन घटाएंगे भी। मार्च तक के लिए यह समझौता हुआ था। इसे आगे बढ़ाने पर बातचीत चल ही रही थी, लेकिन अचानक रूस ने न सिर्फ समझौता आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया, बल्कि अपना तेल उत्पादन बढ़ाने का भी एलान कर दिया। इससे खफा सऊदी अरब ने भी अपने ग्राहकों के लिए तेल के दाम में रियायत देने और तेल उत्पादन बढ़ाने का भी एलान कर दिया।

भारत के लिए यह एक सुनहरा मौका बन कर आया, क्योंकि भारत को अपनी जरूरत का 80 फीसद से ज्यादा कच्चा तेल बाहर से ही खरीदना पड़ता है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2018-19 में 112 अरब डॉलर का कच्चा तेल भारत ने आयात किया था। चालू वित्तीय वर्ष में जनवरी तक ही 87.7 अरब डॉलर का कच्चा तेल भारत खरीद चुका है। कच्चे तेल के दाम में एक डॉलर की गिरावट से भारत के आयात बिल में 10700 करोड़ रुपए की कमी आती है। यानी करीब 30 डॉलर की गिरावट का अर्थ सरकार के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की बचत। तेल के दाम में 10 डॉलर की गिरावट से भारत की जीडीपी में आधा प्रतिशत का असर पड़ता है, यानी देश की अर्थव्यवस्था में करीब 15 अरब डॉलर का इजाफा हो जाता है। दस डॉलर की गिरावट से भारत में महंगाई की दर 0.3 फीसद तक कम हो सकती है, यानी 33 डॉलर की गिरावट से महंगाई दर में करीब एक फीसद की गिरावट संभव है।

कच्चा तेल सस्ता होने का मतलब है पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के साथ-साथ तमाम उद्योगों में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल सस्ता होना। करीब-करीब हर फैक्ट्री में आने और वहां से निकलने वाला माल जिन ट्रकों पर ढोया जाता है उनका किराया भी डीजल के दाम से ही तय होता है। अगर किराया कम हुआ, कच्चा माल सस्ता हुआ तो मौजूदा हाल में कंपनियां मांग बढ़ाने के लिए दाम भी घटाने की सोचेंगी। दाम कम होता है तो खरीदार भी हाथ खोल कर खर्च करना शुरू करते हैं और इसी तरह कारोबार का चक्र घूमना शुरू करता है। ऐसे में कच्चे तेल के दाम गिरना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ साबित हो सकता है।

● *संजीव कुमार, एमएस कॉलेज, सहारनपुर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## युवा नेताओं की उपेक्षा

कांग्रेस के लिए वर्षों से वफादार रहे सिंधिया परिवार के उत्तराधिकारी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीते दिनों कांग्रेस को छोड़ भाजपा की सदस्यता ले ली। इसी के साथ कांग्रेस की युवाओं के प्रति बेरुखी भी जगजाहिर हो गई। कांग्रेस नेतृत्व पिछले पांच साल से ज्योतिरादित्य सिंधिया को नजरअंदाज करता आ रहा था। एक ओर पहले तो कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इस युवा नेता को कोई सम्मानजनक पद नहीं दिया, दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में हुए चुनावों में सिंधिया ने दिन-रात कांग्रेस के लिए प्रचार किया और कांग्रेस ने जनता के सामने चुनाव के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से सिंधिया को ही मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए रखा। चुनाव के नतीजे आए कांग्रेस को बहुमत मिला, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने जनभावनाओं के विपरीत जाकर पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया। इसी तरह से राजस्थान में भी विधानसभा के चुनाव में वहां के लोकप्रिय युवा कांग्रेसी नेता सचिन पायलट ने जम कर प्रचार किया और पार्टी ने उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए रखा था। लेकिन जैसे ही राजस्थान चुनाव नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरी, तो आश्चर्यजनक रूप से अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद दे दिया गया। हालांकि राजस्थान में सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद देकर शांत किया गया।

वर्तमान में भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को अपने युवा नेताओं को दरकिनार करने की नीति पर पुनर्विचार करना होगा। जिस प्रकार से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा युवाओं की दरकिनार किया जा रहा है, वह कांग्रेस के भविष्य के साथ-साथ भारत के लोकतंत्र के भविष्य के लिए भी सही नहीं है। फिलहाल अभी भी कांग्रेस में रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, मनीष तिवारी जैसे बहुत से युवा नेता हैं। अगर शीर्ष नेतृत्व ने समय रहते युवा नेताओं को तवज्जो नहीं दी तो जल्दी ही कांग्रेस युवामुक्त हो जाएगी।

● *आकाश सिंह, इलाहाबाद विवि, प्रयागराज*

## संकीर्णता की राजनीति

भारत के पिछले कई दशकों से जाति और धर्म की राजनीति का दौर जारी है। भेदभाव सदियों से हमारे देश में पनपता रहा है और इसी को खत्म करने के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण की व्यवस्था को शामिल किया था। परंतु क्या पता था कि आरक्षण महज कमजोर वर्ग की प्रगति के लिए ही नहीं, बल्कि कुछ राजनेताओं द्वारा अपनी राजनीति की प्रगति के लिए प्रयोग किया जाएगा। पहले राजनीति राष्ट्रहित में समर्पित थी, लेकिन अब देश के हालात बिगड़ चुके हैं और धर्म व जाति की राजनीति हावी है।

जाति, वर्ग या धर्म सिर्फ इंसान को बांटने का काम करते हैं जिसका लाभ राजनेता उठाते रहे हैं। लोगों को समझना होगा कि राजनीति किसी वर्ग या जाति की सगी नहीं होती, न ही किसी धर्म या जाति तक सीमित रहती है। इसलिए समाज को सही और समझदार तरीके से फैसले करने की जरूरत है।

● *सिमरन, देहरादून*

www.readwhere.com




कोरोना विशेष

**बोल**



*कोरोना वायरस एक स्वास्थ्य संकट है, लेकिन अर्थव्यवस्था पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है। मुझे यह बात मालूम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 देशों के बीच सामंजस्य बनाने को लेकर उत्सुक दिख रहे हैं। यह सराहनीय प्रयास है।* – स्कॉट मॉरिसन, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री, ट्विटर पर

**विवाद**



*जम्मू-कश्मीर से कोविड-19 के मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य आपातकाल को देखते हुए यह जरूरी है कि क्षेत्र से सभी तरह के प्रतिबंध हटा लिए जाएं।* – जफर मिर्जा, दक्षेस राष्ट्राध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग में पाक प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि

## सम-सामयिक

# कोरोना : दुनिया से कौन सा सच छुपा रहा है चीन

जनसत्ता संवाद

**को**रोना विषाणु के संक्रमण के बारे में चीन लगातार कहता रहा है कि इसकी शुरुआत वुहान प्रांत के ह्युवेई से हुई। सात जनवरी को चीनी अधिकारियों ने ऐलान किया कि उन्होंने नए तरह के विषाणु संक्रमण का पता लगाया है और दावा किया गया कि पहला मरीज एक महीने पहले आठ दिसंबर को बीमार पड़ा था। लेकिन कुछ दस्तावेज सामने आने के बाद चीन के इस दावे पर सवाल उठने लगे हैं। कहा जाने लगा है कि चीन अगर सच नहीं छुपाता तो संक्रमण इस कदर बेकाबू नहीं होता। क्या हुआ था? दस्तावेजों के खुलासे के बाद ऐसे दावे सामने आ रहे हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि चीन की सरकार खामियां उजागर करने वाली रिपोर्ट को सेंसर कर रही है।

बेजिंग के एक अखबार और उसकी वेबसाइट 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' का दावा सामने आया है कि उसके हाथ कुछ सरकारी दस्तावेज लगे हैं, जिसके मुताबिक चीन ने पहला मरीज मिलने के 21 दिन बाद यानी आठ दिसंबर 2019 को कोरोना के पहले मरीज के बारे में खुलासा किया था। दरअसल, चीन ने 17 नवंबर को ही संक्रमित पहले मरीज का पता लगा लिया था, लेकिन यह जानकारी छुपाई गई।

दस्तावेजों के मुताबिक, 17 नवंबर को ह्युवेई में जिस पहले मरीज का पता चला था उसकी उम्र 55 साल थी।

17 नवंबर को कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के बाद हर दिन औसतन तीन से चार मामले सामने आए। 27 दिसंबर को ह्युवेई के एक अस्पताल के चिकित्सक जैंग जिक्सियन ने बताया कि कोरोना नाम के विषाणु से लोग संक्रमित हो रहे हैं लेकिन इस बारे में कुछ पता नहीं लग पा रहा था। इसके बाद संक्रमण अनियंत्रित होने लगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की वेबसाइट कहती है कि चीन में कोरोना वायरस का पहला मामला आठ दिसंबर को सामने आया था, जबकि मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में कोरोना वायरस का पहला मामला एक दिसंबर को सामने आया। इस मरीज को वुहान के झिंयिंतान अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

चीन के डॉक्टर अब इस बात का पता लगा रहे हैं कि आखिर इतनी तेजी से ये बीमारी फैली कैसे? चीन ने संक्रमण को लेकर सरकारी दस्तावेज जनता को उपलब्ध नहीं करवाए हैं। हालांकि यह बताया गया है कि शुरुआत में इसका संक्रमण कैसे फैला और किस तेजी से यह फैलता गया।

दस्तावेजी खुलासे के बाद चीन का सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स लगातार इस आशय की खबरें छाप रहा है कि चीन में संक्रमण अब नियंत्रण में है। उसने हाल में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की वुहान यात्रा का जिक्र करते हुए खबर छापी कि 'चाइना आउट ऑफ डारकेस्ट मोमेंट'। इस अखबार का एक ट्वीट भी चर्चा में है, जिसमें कहा गया है कि चीन में कोरोना वायरस के छह नए मामले बाहर के देशों से आए हैं। इनमें से पांच इटली से आए लोगों में और एक अमेरिका से आए व्यक्ति में मिला है। समाचार एजंसी शिन्हुआ पर भी लगातार इस तरह की ख़बरे हैं, जिसमें सरकार की जम कर सराहना की गई है कि कैसे उन्होंने कोरोना पर काबू करने के लिए बेहतरीन काम किया है।



### सूचनाओं पर अंकुश

चीन में कोरोना पर काबू पाने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन यह चीन की तस्वीर का एक पक्ष है। आलोचकों का कहना है कि चीन की सरकार ने सूचनाएं रोकना शुरू कर दिया है। कोरोना संक्रमण के बारे में सबसे पहले खुलासा करने वाले डॉ. ली वेन लियांग का आरोप था कि उनपर चुप रहने के लिए दबाव डाला गया। बाद में डॉक्टर वेन लियांग की मौत हो गई। पीड़ित से बातचीत रिकॉर्ड कर रहे एक पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है।

## शोध

# भ्रम पर क्या है डब्लूएचओ की सलाह

जनसत्ता संवाद

**कोरोना** वायरस की दहशत इस कदर बढ़ी है कि सावधानियों के बीच ऐसी कई अफवाहें हैं, जो फैल रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने ऐसी ही बातों की सूची बनाई है, जो भ्रम हैं, लेकिन दुनिया भर में वायरल हो रहे हैं। ऐसे मिथकों को लेकर डब्लूएचओ ने सलाह जारी की है।



### तापमान के बढ़ने से कोरोना विषाणु का प्रभाव कम होगा

किसी भी वैज्ञानिक या संस्थान ने पुष्टि नहीं की है। अगले एक-दो महीने में तापमान में वृद्धि होने पर ही इसकी पुष्टि हो पाएगी कि कोरोना के विषाणु गर्मी से कितने प्रभावित होते हैं।

### कोरोना विषाणु को हेंड ड्रायर से मारा जा सकता है

कोरोना विषाणु को हेंड ड्रायर से नहीं मारा जा सकता है। हाथों को अल्कोहल मिश्रित साबुन के घोल या हैंड वॉश से धोने एवं अच्छी तरह से पोंछने या सुखा लेने की सलाह दी गई है।

### कोरोना के विषाणुओं को खत्म कर सकते हैं...

अल्ट्रावायलेट लाइट स्टरलाइजर का प्रयोग नहीं करना चाहिए। अल्ट्रावायलेट विकिरण से त्वचा जल सकती है।

### संक्रमित लोगों का पता लगाने में तापीय परीक्षण उपयोगी है

तापीय परीक्षण से उन लोगों का पता लगाया जा सकता है जो कोरोनो के संक्रमण के कारण बुखार से पीड़ित हैं। हालांकि, इससे उन लोगों का पता नहीं लगाया जा सकता जो कोरोना से संक्रमित तो हैं लेकिन उन्हें बुखार नहीं है। कोरोना के संक्रमित व्यक्ति में बुखार का लक्षण दो से 10 दिन बाद दिखाई देता है।

### अल्कोहल या क्लोरीन का छिड़काव ...

शरीर पर अल्कोहल या क्लोरीन के छिड़काव से आपके अंदर पहले से मौजूद कोरोना वायरस नहीं मरेंगे। अल्कोहल और क्लोरीन दोनों ही फर्श को कीटाणुरहित बनाने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन कोरोना को लेकर ये प्रभावी नहीं हैं।

### चीन से आने वाले पत्र या पार्सल से खतरा

चीन से आने वाले पत्र या कोई पार्सल को प्राप्त करने से कोरोना विषाणु को फैलने का कोई खतरा नहीं है। यह विषाणु वस्तुओं पर ज्यादा समय तक जीवित नहीं रहता।

### पालतू जानवर भी फैला सकते हैं संक्रमण

अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं है कि पालतू जानवर जैसे कुत्ता या बिल्ली से कोरोना संक्रमण फैला हो। हालांकि पालतू जानवरों के संपर्क के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से जरूर धोएं।

### निमोनिया के टीके कोरोना वायरस से बचा सकते हैं!

निमोनिया के टीके जैसे न्यूमोकोकल वैक्सीन और हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी (एचआइबी) वैक्सीन से कोरोना वायरस नहीं मरते हैं, ना ही ये टीके प्रभावित होने से बचा सकते हैं। कोरोना वायरस इतना नया और अलग है कि इसे विशेष तौर पर इसी बीमारी के लिए बनाए गए टीके से ही रोका जा सकता है।

### गर्म मौसम और नमी में नहीं फैलता कोरोना

गर्म मौसम में कोरोना नहीं फैलता या नमी बनाए रखने के लिए बार-बार गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। कोरोना विषाणु कहीं भी, किसी भी क्षेत्र फैल सकता है। गर्म और नम मौसम में भी। कोरोना संक्रमण का पर्यावरण या जलवायु से कोई संबंध नहीं है।

## विश्व परिक्रमा (कोरोना)

### पाकिस्तान में आंकड़ा 94 तक पहुंचा

**पाकिस्तान** में कोरोना वायरस संक्रमण के 41 नए मामले सामने आने के साथ ही सोमवार को देश में इसका आंकड़ा बढ़कर 94 हो गया है। रविवार तक कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 53 थी।

### चीन में विदेशों से आए मामलों में इजाफा

**चीन** में विदेश से आने वाले लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। सोमवार को भी संक्रमण के ऐसे ही 12 नए मामले सामने आए। इस बीच, राजधानी ने संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय यात्रा करके आने वालों को पृथक रखे जाने संबंधी नियमों को कड़ा किया है।

### अमेरिका में आज से टीके का परीक्षण

**अमेरिकी** सरकार के एक अधिकारी के मुताबिक कोरोना वायरस से बचाने के लिए बनाए गए टीके का नैदानिक परीक्षण सोमवार से शुरू हो रहा है।



आरोन फिंच और डेविड वार्नर

### दक्षिण अफ्रीका में आपदा घोषित

**दक्षिण अफ्रीका** ने कोरोना वायरस संकट को लेकर देश में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है। देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 61 पर पहुंच गई है।

### ऑस्ट्रेलिया में संक्रमित लोगों की संख्या 350

**ऑस्ट्रेलिया** में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या सोमवार को बढ़कर 350 हो गई। देश के कुछ राज्यों ने आपातकाल जैसी स्थिति घोषित करते हुए पृथकता नियमों को तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने का ऐलान किया है।

### पीएसएल के बीच से स्वदेश लौटे लिन

**पाकिस्तान** सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स की ओर से खेलने वाले आस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज क्रिस लिन कोविड-19 महामारी के संक्रमण के कारण सोमवार को इस टूर्नामेंट के बीच से स्वदेश लौट गए।

### एहतियाती कदमों पर फिंच, वार्नर चिंतित

आस्ट्रेलिया के आरोन फिच और डेविड वार्नर ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सरकार की स्वपृथक्करण की नीति के प्रभाव पर चिंता जताई है।

## जानें-समझें

*महामारी और राष्ट्रीय आपदा*

# कहर ढा रहे कोरोना को कैसे देंगे मात

दीपक रस्तोगी

**को**रोना विषाणु का कहर पूरी दुनिया में पसर चुका है। यह वायरस कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लग जाता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने अब इसे महामारी घोषित कर दिया है। भारत में भी कई राज्यों की सरकारें इसे महामारी घोषित कर चुकी हैं। केंद्र सरकार ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया है। भारत सरकार की पहल पर सार्क स्तर पर तैयारियों की कवायद शुरू की गई और इसी बहाने सही पाकिस्तान से संवाद शुरू हुआ।
तीनों स्तर पर हुई कवायद में कई ऐसे प्रावधान और कानूनी इंतजाम लागू हो गए हैं, जो महामारी से निपटने में मददगार हो सकते हैं। अर्थव्यवस्था की लगाम साधी जा सकती है। हालांकि, यह बहस भी तेज हो गई है कि विषाणु का जिस गति से प्रसार हो रहा है, उसके मद्देनजर कानूनी प्रावधान नाकामी साबित हो रहे हैं।

### सभी महाद्वीपों में दस्तक

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने कोरोना संक्रमण को महामारी घोषित करते हुए चेतावनी दी कि कोरोना विषाणु अगर सभी देशों में नहीं तो ज्यादातर देशों में फैल सकता है। यह चेतावनी सही साबित हुई है। अंटार्कटिका को छोड़ दिया जाए तो कोरोना का संक्रमण सभी महाद्वीपों में फैल चुका है। यह विषाणु अब ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलिपींस, थाईलैंड, ईरान, भारत, नेपाल और पाकिस्तान समेत दुनिया के 114 देशों में फैल चुका है और इसके सबसे अधिक मामले केवल चीन में पाए गए हैं। डब्लूएचओ के द्वारा इसे वैश्विक महामारी घोषित किए जाने के बाद बीमारी की रोकथाम और इलाज के लिए संसाधनों का अधिकतम इस्तेमाल किया जा सकता है। कोरोना वायरस महामारी का रूप ले लेगा इसका सही अंदाजा डब्लूएचओ को भी शायद नहीं था इसलिए इसे पहले महामारी माना गया था।

### महामारी अधिनियम 1897

महामारी से निपटने के लिए हर देश के पास अपने अलग-अलग कानून हैं। भारत के महामारी अधिनियम, 1897 (एपीडेमिक डिजीजेज एक्ट, 1897) के तहत कैबिनेट सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए हैं। इस कानून के खंड-दो को लागू करने का निर्देश दिया है ताकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के परामर्शों को लागू किया जा सके। इस अधिनियम की खास बातों में शामिल है- 1. सार्वजनिक सूचना के जरिये महामारी के प्रसार की रोकथाम के उपाय होंगे।

2. सरकार को पता लगे कि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह महामारी से ग्रस्त है तो उन्हें किसी अस्पताल या अस्थायी आवास में रखने का अधिकार होगा। 3. धारा तीन में कहा गया है कि सरकारी आदेश नहीं मानना अपराध होगा और आइसी की धारा 188 के तहत सजा भी मिल सकती है। जुर्माने का भी प्रावधान है। 4. अगर कानून का पालन कराते समय कोई अनहोनी होती है तो सरकारी अधिकारी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### राष्ट्रीय आपदा

कोरोना का संक्रमण देश के 13 राज्यों में फैल चुका है। केंद्र सरकार ने शनिवार को दोपहर 3:13 बजे कोरोनावायरस को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया।

केंद्र सरकार से पहले ओडीशा ने कोरोना संक्रमण को आपदा घोषित कर दिया था। वहीं, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड ने इसे महामारी घोषित किया।

राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए कोई तय मानक नहीं हैं। लेकिन उन हालात को राष्ट्रीय आपदा माना जाता है, जिनमें जनहानि या संपत्ति का इतना नुकसान हो कि स्थानीय समुदाय के लिए उससे निपटना असंभव हो। बाढ़, तूफान, चक्रवात, भूकंप, सुनामी को प्राकृतिक आपदा और एटमी, जैविक या रासायनिक आपदाओं को मानव जनित आपदा कहा जाता है।

### राष्ट्रीय आपदा से क्या होगा

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के मुताबिक, राष्ट्रीय आपदा घोषित होने पर राष्ट्रीय आपदा राहत प्रबंधन बलों (एनडीआरएफ) को मदद के लिए भेजा जाता है।

आपदा राहत कोष के जरिए 75 फीसद मदद केंद्र और 25 फीसद राज्य सरकार करती हैं। जरूरत होने पर केंद्र के 100 फीसद फंडिंग वाले राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक फंड से अतिरिक्त सहायता दी जाती है। प्रभावित लोगों को कर्ज में रियायत दी जाती है। इसके बाद विभिन्न राज्यों ने अपने स्तर पर सतकर्ता का ऐलान किया है।

### क्या कहते हैं जानकार







*भारत* में किसी तरह की महामारी रोकने के लिए एकीकृत, व्यापक और प्रासंगिक कानून की जरूरत है, जिसमें लोगों के अधिकारों का ध्यान रखा जाए और सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर व्यवस्था हो। मौजूदा कानून की अपनी सीमाएं हैं।
*– डॉ. राकेश पीएस, केरल में नीपाह और कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए काम कर चुके विशेषज्ञ*



*भारत को कोरोना संक्रमण से बहुत चिंतित होने की जरूरत नही है। एचवनएनवन परिवार वाले विषाणु ज्यादा तापमान में जीवित नही रह पाते और भारत का मौसम अपेक्षाकृत गर्म है।*
*-डॉ. सुरेश राठी, एसोसिएट प्रोफेसर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ*

### सार्क की पहल

**कोरोना** संक्रमण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात की। कुछ समय पहले तक भारत की सरकार सार्क से अधिक बिमस्टेक, शंघाई सहयोग संगठन, जी-20 आदि को लेकर बातें कर रही थी, लेकिन वक्त की नजाकत ने सार्क को दोबारा जीवंत बनाने में मदद की। प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत में पाकिस्तान को भी न्योता दिया, जहां आयोजित सार्क सम्मेलन में कुछ साल पहले भारत समेत बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने हिस्सा लेने से मना कर दिया था। ताजा कवायद को जरूरी माना जा रहा था, क्योंकि भारत की सीमाएं पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका से जुड़ती हैं। अफगानिस्तान और मालदीव से भी भारत का सीधा आना जाना है। सार्क के बाद प्रधानमंत्री ने जी20 देशों के बीच संयुक्त रणनीति बनाने का प्रस्ताव दिया है।

## व्यक्तित्व

# संक्रमण : चपेट में नामचीन वैश्विक हस्तियां

जनसत्ता संवाद

**दु**निया की कई नामचीन हस्तियां कोरोना वायरस के संक्रमण का शिकार हुई हैं। इनमें राजनीति, खेल, फिल्म समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां शामिल हैं। ये हैं, हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स, उनकी पत्नी और अभिनेत्री रीटा, जेम्स बॉन्ड की क्वांटम ऑफ सोलेस में नजर आ चुकीं ओल्गा कुरिलेंको, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पत्नी सोफी, आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केन रिचर्डसन आदि।

टॉम हैंक्स पहली ऐसी फिल्मी हस्ती बने, जिनमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। टॉम हैंक्स ने ट्वीट किया कि ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए ही उन्हें बुखार हो गया था और कोरोना वायरस के कारण अब उन्हें अलग किया जाएगा। उनकी पत्नी और अभिनेत्री रीटा विल्सन में भी इस वायरस की पुष्टि हुई है।

टॉम हैंक्स के बाद जेम्स बॉन्ड सिरीज की फिल्म क्वांटम ऑफ सोलेसह्र में नजर आ चुकीं ओल्गा कुरिलेंको की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। खुद अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने बीमार होने की खबर दी। उन्होंने इस पोस्ट को अंग्रेजी के साथ रूसी में भी लिखा। 40 साल की ओल्गा टॉम क्रूज के साथ फिल्म 'ऑब्लिवियन', और 2007 में आई फिल्म 'हिटमैन' में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने हाल ही में 'द बे ऑफ साइलेंस' का काम पूरा किया है। ओल्गा फिल्म निर्माता और पटकथा लेखिका भी हैं।

हॉलीवुड में यूनिवर्सल म्यूजिक के चेयरमैन और सीईओ लूसियन ग्रैंज को कोरोना के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से फैली कि अभिनेता जैकी चैन भी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं, लेकिन चैन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वो बिल्कुल स्वस्थ हैं। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पत्नी सोफी ट्रूडो को कोरोना संक्रमण की खबर आई। सोफी हाल ही में ब्रिटेन से लौटीं थीं। पत्नी सोफी ट्रूडो के संक्रमित होने के बाद जस्टिन ने खुद एक कमरे में सीमित कर लिया। ब्रिटेन की स्वास्थ्य मंत्री नैंडिन डोरिस भी कोरोना संक्रमण से ग्रस्त पाई गईं।

स्पेन की मिनिस्टर ऑफ इक्वलिटी आइरीन मोंटेरो भी कोरोना वायरस की चपेट में आ गई हैं। उन्हें उनके साथी और उप प्रधानमंत्री पैब्लो इग्लेसियास के साथ अलग रखा गया है।ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री पीटर डटन का कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। ब्राजील के राष्ट्रपति बोलसोनार के संचार प्रमुख फेबियो वाजनगार्टन बीते सप्ताह अमेरिकी यात्रा के बाद कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। इनके अलावा खेल जगत से जाने-माने फुटबॉल क्लब आर्सेनल के हेड कोच मिकेल अर्टेटा में भी कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। इसके बाद लंदन स्थित प्रशिक्षण केंद्र को बंद कर दिया गया है। एनबीए स्टार 27 वर्षीय रूडी गोबर्ट में भी कोरोना के लक्षण पाए गए। इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंटस ने घोषणा की थी कि डिफेंडर डेनिएल रुगानी ने कोरोना वायरस के लिए परीक्षण करवाया है। उनका परीक्षण पॉजीटिव पाया गया है।



टॉम हैंक्स एवं रीटा विल्सन

www.readwhere.com

## चीन में विदेश से आए कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा

बेजिंग, 16 मार्च (एएफपी)।

चीन में विदेश से आने वाले लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। सोमवार को भी संक्रमण के ऐसे ही 12 नए मामले सामने आए। इस बीच, राजधानी ने संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय यात्रा करके आने वालों को पृथक रखे जाने संबंधी नियमों को कड़ा किया है।

चीन की ओर से संक्रमण को 'मूलतः काबू' किए जाने की घोषणा के बाद अब अधिकारी दूसरे देशों से आए संक्रमण के मामलों को लेकर चिंतित हैं। बेजिंग शहर की सरकार ने आदेश दिया है कि सोमवार से विदेशों से आने वाले लोगों को 14 दिनों के लिए पृथक केंद्रों में रहना होगा। यात्रियों को पहले घर पर ही अनिवार्य रूप से पृथक रहने की अनुमति दी गई थी लेकिन अब केवल खास परिस्थिति वाले लोगों को ही नए नियम से छूट मिलेगी और पृथक केंद्रों में भेजे जाने वालों को इसका भुगतान करना होगा। हालांकि, अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किन यात्रियों को नए पृथक नियमों से छूट दी जाएगी। चीन में अब तक विदेश से आए कुल 123 लोगों में कोरोना संक्रमण की जानकारी मिली है।

# स्पेन में 24 घंटे में आए एक हजार नए मामले

मेड्रिड/ मनामा, 16 मार्च (एएफपी)।

कोरोना वायरस से इटली के बाद स्पेन यूरोप का दूसरा सबसे प्रभावित देश है। स्पेन में सोमवार को कोराना वायरस संक्रमण के करीब एक हजार नए मामले आए। वहीं, बहरीन में कोरोना वायरस से पहली मौत हुई है। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय में आपात स्थिति के समन्वयक फर्नांडो सिमोन ने बताया कि सोमवार को करीब एक हजार नए मरीज सामने आए हैं जिसके साथ देश में कुल संक्रमितों की संख्या 8,744 हो गई है।

उन्होंने बताया कि नौ और मौतों के साथ देश में कोरोना वायरस से मरने वाली की संख्या 297 तक पहुंच गई है। हालांकि, गत सप्ताहांत के मुकाबले यह संख्या कम है क्योंकि शनिवार और रविवार के बीच 2,000 नए मामले आए थे और 100 लोगों की मौत हुई थी। सिमोन ने बताया कि मेड्रिड स्पेन का सबसे प्रभावित इलाका है क्योंकि यहां 4,665 लोग संक्रमित पाए गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपात सेवाओं को छोड़ सभी सेवाओं को बंद करने और 4.6 करोड़ आबादी को घर में ही रहने का आदेश दिया गया है। प्रशासन केवल खाना और दवाएं खरीदने या इलाज के लिए ही घर से निकलने की अनुमति दे रहा है।

बहरीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि कोरोना वायरस से एक महिला की मौत की पुष्टि हुई है और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्यों देशों में इस वायरस के संक्रमण से यह पहली मौत है। मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया, '65 वर्षीय महिला पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थी।' हालांकि, जीसीसी के सदस्य देशों में अबतक एक हजार के करीब मामले आ चुके हैं। संक्रमित मरीजों में अधिकतर ईरान की यात्रा करने वाले हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, कतर और ओमान जीसीसी के सदस्य हैं और इस महामारी पर काबू पाने के लिए सीमा को बंद करने सहित सख्त कदम उठाए हैं।

इस बीच, हंगरी यूरोप का नया देश है जिसने कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सार्वजनिक जीवन पर पाबंदियां लगाई हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन ने सोमवार को संसद में दिए भाषण में कहा, "हम यात्रियों के लिए सीमाओं को बंद कर रहे हैं। इसपर समन्वय करने के लिए अतंरराष्ट्रीय बात चल रही है।

## ट्रंप ने लोगों से जरूरी सामान एकत्र नहीं करने की अपील की

वाशिंगटन, 16 मार्च (भाषा)।

कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर जरूरी दैनिक घरेलू सामान खरीदने के लिए मची होड़ के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनता से अपील की है कि वह गैरजरूरी तौर पर सामान एकत्र नहीं करें। उन्होंने कहा कि देश की आपूर्ति श्रृंखला दुनिया में सबसे मजबूत है और यहां दैनिक उपयोग के सामान की कोई कमी नहीं है।

देश में मुख्यधारा की मीडिया के चैनलों और अखबारों में आई वीडियो और तस्वीरों में किराना दुकानों की खाली अलमारियों को दिखाया गया है। इटली और स्पेन जैसे यूरोपीय देशों में तालाबंदी के हालात की खबरों के कारण अमेरिकी नागरिकों में चिंता की भावना पैदा हुई, जिसके चलते लोगों ने कई हफ्तों के लिए सामान इकट्ठा कर लिया।

ऐसे हालात के मद्देनजर ट्रंप ने रविवार को किराना स्टोर चलाने वाली कंपनियों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी। दर्जन भर किराना स्टोर संचालकों के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने वाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि मैं यह कहना चाहूंगा कि लोगों को बाहर निकलना और खरीदना नहीं चाहिए। तसल्ली रखिए। लोग जा रहे हैं और अधिक खरीदारी कर रहे हैं। हम अच्छा कर रहे हैं और यह समय बीत जाएगा।

# कोरोना से ईरान में एक दिन में 129 लोगों की मौत

## अब तक 853 लोगों की मौत हुई

तेहरान, 16 मार्च (एपी)।

- अब तक इस वायरस से सोमवार को एक ही दिन में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं।
- वरिष्ठ अधिकारी भी संक्रमण की चपेट में।
- ईरान के 80 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमनेई को भी सावधानी बरतते हुए हाल के कार्यक्रम में हाथों में दस्ताने पहने हुए देखा गया। प्रकोप से निपटने वाले अभियान का नेतृत्व कर रहे अली रेजा जाली ने कहा कि अगर यह हालात बरकरार रहे तो यह हमारे पास उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी पड़ सकता है।

ईरान में सोमवार को एक ही दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 129 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 853 तक पहुंच गया जबकि संक्रमण के 14,991 पुष्ट मामले हैं। पश्चिम एशिया क्षेत्र में ईरान में कोरोना वायरस का प्रकोप सबसे अधिक है।

महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक इस वायरस से सोमवार को एक ही दिन में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इतना ही नहीं वरिष्ठ अधिकारी भी संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। फार्स और तस्नीम न्यूज एजंसी ने सोमवार को बताया कि विशेषज्ञों की समिति के एक सदस्य, जिसके पास देश के सर्वोच्च नेता को नामित और निष्काषित करने की शक्ति है, की भी कोरोना वायरस संक्रमण के कारण मौत हो गई। अयातुल्लाह हाशेम बठाई (78) ईरान के हाल के उन वरिष्ठ अधिकारियों में शुमार हैं, जिनकी इस वायरस से मौत हुई है। ईरान के 80 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमनेई को भी सावधानी बरतते हुए हाल के कार्यक्रम में हाथों में दस्ताने पहने हुए देखा गया। प्रकोप से निपटने वाले अभियान का नेतृत्व कर रहे अली रेजा जाली ने कहा कि अगर यह हालात बरकरार रहे तो यह हमारे पास उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी पड़ सकता है। तेहरान के अस्पतालों में 30,000 बिस्तरों के साथ ही देशभर के अस्पतालों में करीब 110,000 बिस्तरों की क्षमता है।

अमेरिका स्थित यूएसए इंडिया चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स ने कहा

# कोरोना से निपटने की मोदी की कार्ययोजना प्रशंसनीय

वाशिंगटन, 16 मार्च (भाषा)।

- मोदी ने दक्षेस देशों के सदस्यों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कोविड-19 आपात कोष बनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसके लिए शुरुआत में भारत ने एक करोड़ अमेरिकी डालर देने की पेशकश की है।

अमेरिका स्थित यूएसए इंडिया चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स (यूएसएआइसी) ने कोरोना से निपटने के लिए दक्षेस देशों के साथ बनाई गई मोदी की कार्ययोजना की प्रशंसा की है। समूह ने कहा कि ऐहतियाती कदम उठाने को लेकर बनाई गई यह रणनीति इस अभूतपूर्व स्थिति से निपटने के लिए शानदार पहल है।

मोदी ने रविवार को दक्षेस देशों के सदस्यों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कोविड-19 आपात कोष बनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसके लिए शुरुआत में भारत ने एक करोड़ अमेरिकी डालर देने की पेशकश की है। मोदी ने जोर देकर कहा कि महामारी से निपटने का सबसे अच्छा तरीका एक साथ आना होगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संवाद में मोदी के अलावा श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य ममलों पर विशेष सहायक जफर मिर्जा शामिल हुए। यूएसए इंडिया चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (यूएसएआईसी) के करुण रिषी ने कहा, 'नोवेल कोरोना वायरस से निपटने के लिए दक्षेस नेताओं के साथ संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के विचार और उनकी कार्य योजना प्रशंसनीय है। ऐहतियाती कदम उठाने को लेकर बनाई गई यह रणनीति इस अभूतपूर्व स्थिति से निपटने के लिए शानदार पहल है।'

पिछले साल दिसंबर में चीन के वुहान शहर से फैलना शुरू हुआ कोरोना वायरस अब तक 135 देशों और क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले चुका है। इससे अबतक 6500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 169,000 लोग संक्रमित हैं।

## भारतीय-अमेरिकी डॉक्टरों ने कोरोना से निपटने के ट्रंप प्रशासन के तरीके की प्रशंसा की

वाशिंगटन, 16 मार्च (भाषा)।

अमेरिका में प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी चिकित्सा समुदाय ने कोरोना वायरस प्रकोप से निपटने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के कदमों की सराहना की है। अमेरिका में वायरस के चलते 69 लोगों की जान चली गई है और 3,700 से अधिक लोग संक्रमित हैं।

अमेरिकी-भारत संबंधों के समर्थक अल मासोन के जरिए बयान में अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ऑरिजन (एएपीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा, 'कोरोना वायरस की स्थिति से सक्रियता से निपटने का ट्रंप प्रशासन का तरीका सराहनीय है।' अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी डॉक्टरों की तादाद 1,00,000 के करीब है। ग्लोबल रियल एस्टेट इंवेस्टमेंट, एजुकेशनल एंड हॉस्पिटल के सलाहकार मासोन ने बताया कि संकट के मद्देनजर बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक हर वक्त काम कर रहे हैं। डॉक्टर कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस पर वाइट हाउस टास्क फोर्स ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी संसाधनों का इस्तेमाल किया है।

## ऑस्ट्रेलिया में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 350 हुई

मेलबर्न, 16 मार्च (भाषा)।

ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या सोमवार को बढ़कर 350 हो गई। देश के कुछ राज्यों ने आपातकाल जैसी स्थिति घोषित करते हुए पृथकता नियमों को तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने रविवार को घोषणा की कि विदेश से ऑस्ट्रेलिया आने वाले किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह तक खुद को अलग रखना होगा। साथ ही विदेशी बंदरगाहों से आने वाले जहाजों को ऑस्ट्रेलिया में ठहरने नहीं दिया जाएगा। न्यू साउथ वेल्स से रविवार से 37 मामले सामने आने के साथ ही राज्य में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 171 हो गई है। विक्टोरिया में 13 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही इसकी चपेट में आए लोगों की संख्या 71 हो गई है। ऑस्ट्रेलिया में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत के बाद मृतकों की संख्या पांच हो गई है। कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है जबकि विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड सरकारों ने पृथकता नियम तोड़ने पर जुर्माना लगाने का ऐलान किया है।

# भारतीय-अमेरिकी संगठनों ने संभाली मदद की कमान

वाशिंगटन, 16 मार्च (भाषा)।

अमेरिका के कई प्रमुख भारतीय-अमेरिका समूहों ने कोरोना संकट से प्रभावित भारतीय छात्रों समेत समुदाय के अन्य सदस्यों की मदद के लिए हेल्पलाइन शुरू करने के साथ ही स्वयंसेवियों की तैनाती की है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी ने देश में 3,777 लोगों को संक्रमित किया है और 69 लोगों की इसके चलते मौत हो गई है। देश ने यात्रा प्रतिबंध लागू कर, स्कूल, रेस्तरां और बार बंद करने के साथ ही मनोरंजक कार्यक्रमों को रद्द कर वायरस को रोकने के प्रयासों को तेज कर दिया है। प्रमुख भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संगठन, सेवा इंटरनेशनल ने अपनी हर वक्त चालू हेल्पलाइन के संचालन के लिए और 20 फीजिशियनों की टीम के जरिए कोरोना वायरस जागरूकता अभियान चलाने के लिए 10,000 डॉलर दिए हैं। इसके अलावा संगठन ने देश भर में कई इकाइयां स्थापित की हैं जो भारतीय दूतावास एवं वाणिज्य दूतावासों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि आपात स्थिति में परिवारों को भारत यात्रा के लिए वीजा मिल सके।

सेवा इंटरनेशनल के अध्यक्ष प्रोफेसर श्री श्रीनाथ ने कहा, 'अमेरिकी विश्वविद्यालयों में ढाई लाख से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं। 300 से ज्यादा विश्वविद्यालय बंद हो गए हैं और कुछ ने अपने छात्रावस भी बंद कर दिए हैं। सेवा को ऐसे विश्वविद्यालय से भारतीय विदेशी छात्रों के फोन आए हैं जो भावनात्मक, स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से उबरने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।' श्रीनाथ ने कहा, 'हमें भारत से भी कुछ चिंतित परिजन के फोन आए हैं।' आपदा प्रबंधन के लिए सेवा के उपाध्यक्ष स्वदेश कटोच ने कहा, '20 फीजिशियनों की एक टीम सेवा कोरोना वायरस हेल्पलाइन के जरिए मुफ्त सलाह देने में सेवा की मदद कर रही है। देश के 20 बड़े शहरों में 400 से अधिक स्वयंसेवी इस मुश्किल वक्त में मदद देने के लिए अथक मेहनत कर रहे हैं।' संगठन के स्वयंसेवक मुफ्त भोजन, किराने के सामान की खरीदारी और डॉक्टर के पास जाने में बुजुर्गों की मदद और यात्रा एवं वीजा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों की मदद समेत कई सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

## लागोस में विस्फोट में मरने वालों की संख्या 17 हुई

लागोस, 16 मार्च (एएफपी)।

नाइजीरिया के सबसे बड़े शहर लागोस में रविवार को हुए कथित गैस विस्फोट में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 17 हो गई है। रविवार को यह विस्फोट तेल पाइपलाइन के पास हुआ जिसमें कई इमारतें, लॉरी और कारें नष्ट हो गईं। लागोस की प्रांतीय सरकार ने ट्वीट किया है, 'मलबे से अभी तक 17 शव निकाले गए हैं, 25 लोग घायल हुए हैं। सभी का मौके पर इलाज चल रहा है।' अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है।

## जर्मनी ने सीमाओं को नियंत्रित करना शुरू किया

बर्लिन, 16 मार्च (एएफपी)।

कोरोना वायरस प्रकोप के मद्देनजर जर्मनी ने सोमवार से ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, फ्रांस, लक्जमबर्ग और स्विट्जरलैंड के साथ सटी सीमाओं को नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

# पाक में 41 नए मामलों के साथ आंकड़ा 94 तक पहुंचा

इस्लामाबाद, 16 मार्च (भाषा)।

- पंजाब प्रांत ने त्वरित तैयारियों के तहत सभी सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और छात्रावासों को पृथक केंद्रों में तब्दील किया है

पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 41 नए मामले सामने आने के साथ ही सोमवार को देश में इसका आंकड़ा बढ़कर 94 हो गया है। रविवार तक कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 53 थी। सभी नए मामलों का पता दक्षिणी सिंध प्रांत में चला, जहां सरकार के प्रवक्ता मुर्तजा वहाब ने कहा कि ये वह लोग थे, जिन्हें ईरान की सीमा पर ताफतान से सिंध स्थानांतरित किया गया था।

उन्होंने बताया कि और नतीजे आए हैं। इस तरह सिंध में संक्रमितों की संख्या 76 तक पहुंच गई है। इन 76 मरीजों में से दो की सेहत में सुधार हुआ और बाकी 74 को पृथक रखा गया है। हाल के नए मामलों के जुड़ने के बाद देश में आंकड़ा 94 तक पहुंच गया है। इस बीच, सरकार महामारी के प्रसार की रोकथाम के लिए कदम उठा रही है। इसके मद्देनजर पंजाब प्रांत ने त्वरित तैयारियों के तहत सभी सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और छात्रावासों को पृथक केंद्रों में तब्दील किया है।

कोरोना वायरस के चलते पाकिस्तान के सभी शिक्षण संस्थानों को पांच अप्रैल तक बंद रखने का भी आदेश दिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को कहा था कि वह देश में कोरोना वायरस से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर घोषणा की कि वह इससे निपटने के लिए उपायों के बारे में लोगों को विश्वास में लेने के लिए जल्द ही देश को संबोधित करेंगे।


पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
जोनल आफिस-II, बी-38/39, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नारायणा, नई दिल्ली - 110028

ई-नीलामी सूचना

**चल/अचल बंधक सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना,**
**ईएमडी (धरोहर राशि) तथा दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 30.03.2020 को सांय 4.00 बजे तक**

बैंक के प्रभाराधीन चल एवं अचल आस्तियों की वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री। **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी/अधिकारीगण निम्नलिखित ऋण खातों में नीचे दिए विवरण के अनुसार बैंक की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज की वसूली के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित धारा 13(2) के तहत नीचे खाते के सामने वर्णित तिथि को जारी की गई सूचना के अनुसरण में अधोवर्णित सम्पत्तियों का कब्जा उनको **"जैसा है जहां है" तथा "जो है जैसा है"** आधार पर बिक्री करने के अधिकार सहित प्राप्त कर चुके हैं और जबकि बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बैंक की बकाया राशि की वसूली का प्रस्ताव किया जाता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री **(https://www.disposalhub.com/PSB)** वेब पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

**अच/अचल सम्पत्ति का विवरण**

| क्र. सं. | शाखा एवं खाते का नाम | सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि (सुरक्षित ऋण) | ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | प्राधिकृत अधिकारी का विवरण | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएसबी, नया बाजार / इंदू और दीपक | सम्पत्ति नं. – द्वितीय तल सम्पत्ति नं. 93, रेक्ट नं. –30, किला नं. 06, गाँव खुरेजी खास, सरोजिनी पार्क कॉलोनी, गली नं. 15, शिव काली मंदिर के पास, शास्त्री नगर, दिल्ली – 110031 में स्थित | 16-12-2019 / रु. 48,71,232.05 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 01751000052045 A/c Name : EMD AUCTION A/C DEEPAK & INDU Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE : PSIB0000175 | ₹ 36.00 लाख / ₹ 3.60 लाख / ₹ 1.00 लाख | श्री मोतीलाल कोटार्य शाखा: नया बाजार | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31-03-2020 पूर्वाह्न 10.00 बजे से पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| 2 | पीएसबी, पीरागढ़ी / जोगिंदर सिंह और भूपिंदर कौर | द्वितीय तल (बैक साइड) छत के अधिकार के साथ, संपत्ति नं. 34–बी, ब्लॉक बी–2, खसरा नं. 13/3, ग्राम मटियाला, कॉलोनी सेवक पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली– 110059 में स्थित | 18.11.2013 / रु. 30,86,305.30 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 04131000040829 A/c Name : EMD AUCTION A/C Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000413 | ₹ 28.00 लाख / ₹ 2.80 लाख / ₹ 1.00 लाख | श्री राजीव कुमार त्यागी शाखा : पीरागढ़ी | 25-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31-03-2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 3 | पीएसबी, पीरागढ़ी / पवरटेक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | एमआईजी तृतीय तल, फ्लैट नं. 27, विद्या अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 12, ज़ोन 17, पश्चिम विहार, दिल्ली 110087 में स्थित | 20.05.2014 / रु. 1,65,70,824.46 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 04131000040829 A/c Name : EMD AUCTION A/C Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000413 | ₹ 66.00 लाख / ₹ 6.60 लाख / ₹ 1.00 लाख | श्री राजीव कुमार त्यागी शाखा : पीरागढ़ी | 24.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31-03-2020 दोपहर 12.00 बजे से अपाह्न 01.00 बजे तक |
| 4 | पीएसबी, राजौरी गार्डन / राज कुमार | WZ-24, तृतीय तल, छत के अधिकार के साथ, खसरा नं. 115/79/2, जोकि गाँव नंगली के जालिब के रैवेन्यू ईस्टेट में, जनकपुरी, नई दिल्ली में स्थित | 26.04.2016 / रु. 80,51,518.60 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 00751000071342 A/c Name : EMD AUCTION A/C RAJKUMAR Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000075 | ₹ 30.00 लाख / ₹ 3.00 लाख / ₹ 1.00 लाख | सुश्री एवलीन कौर शाखा : कीर्ति नगर | 23.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31-03-2020 11.00 AM to 12.00 Noon |
| 5 | पीएसबी, राजौरी गार्डन / आशी राजीव रॉय | WZ-24, द्वितीय तल, खसरा नं. 115/79/2, जोकि गाँव नंगली के जालिब के रैवेन्यू ईस्टेट में, जनकपुरी के पास, नई दिल्ली में स्थित | 26.04.2016 / रु. 80,16,113.10 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 00751000071343 A/c Name : EMD AUCTION A/C ASHI RAJEEV ROY Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000075 | ₹ 36.00 लाख / ₹ 3.60 लाख / ₹ 1.00 लाख | सुश्री एवलीन कौर शाखा : कीर्ति नगर | 23.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31-03-2020 दोपहर 12.00 बजे से अपाह्न 01.00 बजे तक |
| 6 | पीएसबी, राजौरी गार्डन / रचना और राज कुमार | WZ-24, प्रथम तल, खसरा नं. 115/79/2, जोकि गाँव नंगली के जालिब के रैवेन्यू ईस्टेट में, जनकपुरी के पास, नई दिल्ली में स्थित | 10.10.2016 / रु. 77,19,421.00 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 00751000071481 A/c Name : EMD AUCTION A/C RACHNA Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE: PSIB0000075 | ₹ 38.00 लाख / ₹ 3.80 लाख / ₹ 1.00 लाख | सुश्री एवलीन कौर शाखा : कीर्ति नगर | 23.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31.03.2020 अपाह्न 01.00 बजे तक अपाह्न 02.00 बजे तक |
| 7 | पीएसबी, राजौरी गार्डन / विनोद कुमार | WZ-24, ऊपरी भूतल, खसरा नं. 115/79/2, जोकि गाँव नंगली के जालिब के रैवेन्यू ईस्टेट में, जनकपुरी के पास, नई दिल्ली में स्थित | 10.10.2016 / रु. 82,41,987.74 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 00751000071482 A/c Name : EMD AUCTION A/C VINOD Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000075 | ₹ 45.00 लाख / ₹ 4.50 लाख / ₹ 1.00 लाख | सुश्री एवलीन कौर शाखा : कीर्ति नगर | 23.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31.03.2020 अपाह्न 02.00 बजे तक अपाह्न 03.00 बजे तक |
| 8 | पीएसबी, कशमीरी गेट / पूनम और अमित कुमार सिंह | प्रथम तल, सम्पत्ति नं. 10055–सी, खसरा नं. 428/309, गाँव बाबरपुर, मेन गली नं. 05, कॉलोनी, वैस्ट गौरख इलाका शाहदरा, दिल्ली–110032 में स्थित | 18.07.2017 / रु. 31,08,839.01 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 01141100005347 A/c Name : EMD KASHMERE GATE Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000114 | ₹ 18.00 लाख / ₹ 1.80 लाख / ₹ 1.00 लाख | श्री सुरेन्द्र कुमार सिरोहा शाखा: ज्वाला हेरी | 19.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31.03.2020 अपाह्न 01.00 बजे तक अपाह्न 02.00 बजे तक |
| 9 | पीएसबी, कशमीरी गेट / अजय आनंद और सोनिया आनंद | प्रथम तल का बैक साइड, प्राइवेट फ्लैट नं. 03, सम्पत्ति नं. ए–32 का राइट हैंड हिस्सा, ब्लॉक–ए, कॉलोनी शालीमार गार्डन एक्सटेन्शन II, गाजियाबाद, यू.पी. में स्थित | 16.09.2017 / रु. 43,70,982.22 दिनांक 29.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, खर्चे और अन्य प्रभार इत्यादि सहित | खाता नं. 01141100005347 A/c Name : EMD KASHMERE GATE Name of the Beneficiary : PUNJAB & SIND BANK IFSC CODE PSIB0000114 | ₹ 27.00 लाख / ₹ 2.70 लाख / ₹ 1.00 लाख | श्री सुरेन्द्र कुमार सिरोहा शाखा: ज्वाला हेरी | 20.03.2020 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपॉ. 04.00 बजे तक | 31.03.2020 दोपहर 12.00 बजे से अपाह्न 01.00 बजे तक |

नियम व शर्तें:–

1. ई–नीलामी **"जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जोभी है"** आधार पर आयोजित की जा रही है
2. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, किसी भी सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाताओं को ऋणभार, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति/यों के स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया राशियों के संबंध में अपनी स्वयं स्वतंत्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, कर लेनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन, बैंक की कोई वचनबद्धता निर्मित नहीं करता है और न कोई वचनबद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जाएगा। सम्पत्ति की बिक्री बैंक को ज्ञात और अज्ञात समस्त विद्यमान और भावी ऋणभारों सहित की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत क्रेडिटर किसी तृतीय पक्ष दावों/अधिकारों/देय राशियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
3. **बोली जमा करने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में निरीक्षण और संतुष्ट करने की बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी।**
4. **इच्छुक बोलीदाता जिन्होने धरोहर राशि जमा कर दी है वे लॉगईन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोडिंग करने, बोली जमा करने, ई–बिडिंग प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में अपेक्षित सहायता के लिए हैल्प लाईन न. +91-124 4233933, +91 98100 29926, हैल्प लाईन ई–मेल आईडी: csd@disposalhub.com से सम्पर्क कर सकते है**
5. एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से धरोहर राशि जमा करने के पश्चात ही, वेलिड यूजर आई डी और पासवर्ड धारक बोलीकर्ता ही ई–नीलामी में भाग ले सकेंगें।
6. दिनांक 30.03.2020 समय अप. 04:00 तक ऑनलाइन माध्यम से अपनी ईएमडी जो आरक्षित मूल्य से कम न हो, जमा करने वाले इच्छुक निविदाकार ई–निविदाकरण प्रक्रिया में भागीदारी के लिए पात्र होंगे। उपर्युक्त संपत्तियों की ई–नीलामी प्रत्येक संपत्ति के लिए निर्दिष्ट तिथि और समय पर निविदाकारों के बीच परस्पर बोली द्वारा आयोजित की जायेगी। निविदाकार प्रत्येक संपत्ति के लिए कॉलम "बोली वृद्धि राशि" के तहत बतायी राशि के गुणक के अपने प्रस्ताव बढ़ा सकेंगे। यदि ई–नीलामी समाप्ति के अंतिम 5 मिनटों में कोई बोली की जाती है तो अंतिम समय स्वतः 5 मिनट बढ़ (5 मिनट अवधि के सीमित विस्तारों के तहत) जायेगा। निविदाकार जो ई–नीलामी प्रक्रिया समाप्ति पर उच्चतम बोली (आरक्षित मूल्य से कम न हो) जमा करता है वह सफल बोलीकार घोषित किया जायेगा और इलैक्ट्रोनिक माध्यम से इस प्रभाव की सूचना दी जायेगी जो प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत लेनदार द्वारा अनुमोदन के तहत होगी।
7. सफल बोलीकार की धरोहर राशि (ईएमडी) बिक्री राशि में समायोजन के लिए रोक ली जायेगी और असफल निविदाकारों की ईएमडी वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं होगी। सफल बोलीकार को ईएमडी राशि समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की 25% राशि बोली मूल्य स्वीकार होने की 48 घंटों में प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करनी होगी और बिक्री मूल्य की शेष 75% राशि बिक्री के 15वें दिन या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विवेक से लिखित में सहमत ऐसी किसी विस्तारित अवधि में जमा करनी होगी। सफल बोलीकार द्वारा भुगतान में चूक पर पूर्व में ऑफर द्वारा जमा राशि को जब्त कर लिया जायेगा और संपत्ति की पुनः नीलामी की जायेगी और चूककर्ता कर्जदार का संपत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।
8. संभावी अर्ह बोलीकार ई–नीलामी की तिथि से पूर्व **मैसर्स नैक्सन सल्यूशन्स प्रा. लि.** से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। किसी इंटरनेट नेटवर्क समस्या के लिए न तो प्राधिकृत अधिकारी/बैंक और न ही **मैसर्स नैक्सन सल्यूशन्स प्रा. लि.** जिम्मेदार होगा और इच्छुक बोलीकार स्वयं सुनिश्चित करें कि वे ई–नीलामी में भागीदारी के लिए तकनीकी रूप में सुसज्जित हैं।
9. लागू स्टाम्प ड्यूटी/अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/हस्तांतरण प्रभार, शुल्कों आदि और पूर्व में और भविष्य में किसी को देय सभी सांविधिक/गैर–सांविधिक देयों, करों, दरों, निर्धारण प्रभारा, शुल्क आदि क्रेता को स्वयं वहन करने होंगे।
10. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण दिये किसी या सभी प्रस्ताव (ओं) को स्वीकार या अस्वीकार करने/ई–नीलामी को रोकने/स्थगित/रद्द करने का अधिकार होगा।
11. बोलीकारों को सलाह है कि अपनी निविदा जमा करने और ई–नीलामी में भागीदारी से पूर्व **मैसर्स नैक्सन सल्यूशन्स प्रा. लि.** की वेबसाइट **https://www.disposalhub.com/PSB** पर उपलब्ध ई–नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों को अच्छी तरह देख–समझ लें।

**सरफासी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 30 दिन बिक्री सूचना**

नोटः यदि बकाया राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया तो उपरोक्त तिथि पर प्रत्याभूत परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी आयोजित करने के संबंध में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत उपर्युक्त ऋण के कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं को यह भी एक सूचना है।

तिथि : 18.03.2020, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक


www.readwhere.com

# कार्यालय बंद करेगा बीसीसीआइ, घर से काम करेंगे कर्मचारी

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

कोविड-19 महामारी के कारण बीसीसीआइ मंगलवार से मुंबई स्थित अपने मुख्यालय को बंद कर देगा और उसने अपने कर्मचारियों से घर से काम करने के लिए कहा है। सभी क्रिकेटिया गतिविधियां आगामी नोटिस तक पहले ही निलंबित कर दी गई और ऐसे में पता चला है कि कर्मचारियां को घर से काम करने के लिए कहा गया है।

बोर्ड के शीर्ष सूत्रों ने बताया, बीसीसीआइ के कर्मचारियों को आज सूचित किया गया कि कोविड-19 महामारी के चलते वानखेड़े स्टेडियम स्थित मुख्यालय बंद रहेगा। सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है। बीसीसीआइ ने पहले ही आइपीएल को 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया है जबकि ईरानी कप और महिला चैलेंजर ट्रॉफी सहित सभी घरेलू टूर्नामेंट भी टाल दिए गए हैं।

भारत में अब तक कोरोना विषाणु के 114 मामले पाए गए हैं जबकि दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। विश्व स्तर पर इस बीमारी के कारण मृतकों की संख्या 6000 से अधिक हो गई है और संक्रमित लोगों की संख्या 160,000 से ऊपर पहुंच गई है।

भारत और विदेशों में अधिक से अधिक कंपनियां अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं और बीसीसीआइ ने भी यही रवैया अपनाया है। यह भी पता चला है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने अपने विभिन्न क्षेत्रीय शिविरों को बंद कर दिया है लेकिन बंगलुरु केंद्र में रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम अभी चल रहा है।

इस बीच आइपीएल की आठों फ्रेंचाइजी ने टूर्नामेंट से पहले के अपने शिविर आगामी सूचना तक रद्द कर दिए हैं। रायल चैलेंजर्स बंगलुरु ने सोमवार को अपना अभ्यास शिविर रद्द कर दिया जो 21 मार्च से शुरू होना था। तीन बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने शिविर पहले ही रद्द कर दिए थे। आरसीबी ने ट्वीट किया, सभी की सुरक्षा और सेहत को ध्यान में रखकर 21 मार्च से शुरू होने वाला आरसीबी अभ्यास शिविर आगामी सूचना तक रद्द कर दिया गया है। हम सभी से स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों का पालन करके सुरक्षित रहने का अनुरोध करते हैं। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली हैं। तीन बार की चैंपियन सीएसके ने शनिवार को ही शिविर स्थगित कर दिया था जिसके बाद महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई से रवाना हो गए।

# कोविड-19 के कारण दुनिया को थमते हुए देखना दुखद : रोहित

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया को थमते हुए देखना काफी मुश्किल है और उन्होंने लोगों को सलाह दी कि कोई भी लक्षण दिखने पर डाक्टरों को इसकी जानकारी देकर इस संकट से सक्रिय रूप से लड़ें।

इस सलामी बल्लेबाज ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो संदेश जारी किया। रोहित ने कहा, पिछले कुछ हफ्ते हम सभी के लिए मुश्किल रहे और दुनिया ठहर सी गई है जिसे देखकर काफी दुख होता है। उन्होंने कहा, एक ही तरीका है कि सब कुछ सामान्य हो सकता है और इसके लिए हमें एकजुट होना होगा। हम थोड़े समझदार बनकर, थोड़े सक्रिय होकर, अपने आसपास की चीजों को जानकर और कोई लक्षण दिखाई देने पर निकटवर्ती चिकित्सा अधिकारी को सूचित करके हम ऐसा कर सकते हैं। चीन के वुहान शहर से फैसले इस संक्रमण से अब तक दुनिया भर में 6000 से



अधिक लोगों की मौत हो गई है और लगभग एक लाख 60 हजार लोग संक्रमित हुए हैं। देश की कई राज्य सरकारों ने स्कूलों, माल, सिमेना घरों को बंद करने के आदेश दिए हैं जिससे कि लोगों को एकत्रित होने से रोका जा सके। साथ ही लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों से दूर रहने को कहा गया है। रोहित ने कहा, हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे स्कूल जाएं, हम माल जाना चाहते हैं और हम सभी सिनेमा घर में फिल्म देखना चाहते हैं। रोहित ने कहा, मैं दुनिया भर के डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के प्रयासों की सराहना करता हूं जिन्होंने कोरोना से संक्रमित लोगों का उपचार करके अपने जीवन को खतरे में डाला।

उन्होंने कहा, मैं उन लोगों के प्रति संवेदना जाहिर करता हूं जिन्होंने अपने परिजनों को गंवाया है। ख्याल रखें, सुरक्षित रहें।

# आइपीएल मालिकों की टेली कांफ्रेंस में कोई फैसला नहीं हुआ

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा) ।

आइपीएल की आठ फ्रेंचाइजी टीमों के मालिकों की सोमवार को टेली कांफ्रेन्स के दौरान कोई फैसला नहीं किया गया क्योंकि देश और विश्व भर में कोरोना विषाणु महामारी को लेकर पिछले 48 घंटों में कोई बदलाव नहीं आया है।

आइपीएल-13 को पहले 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन अब इसे 15 अप्रैल तक निलंबित कर दिया गया है। भारत में कोविड-19 के अब भी 114 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि दो की मौत हो चुकी है। सभी विदेशी वीजा 15 अप्रैल तक रोक दिए गए हैं जबकि बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली ने छोटे आइपीएल के संकेत दिए हैं। एक आइपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक ने एजंसी से कहा, आज की बैठक में कुछ भी ठोस चर्चा नहीं हुई। पिछले 48 घंटों में स्थिति में बदलाव नहीं आया है इसलिए आइपीएल के आयोजन की बात करना अभी जल्दबाजी होगी।

# आस्ट्रेलिया के एहतियाती कदमों पर फिंच, वार्नर ने चिंता जताई

मेलबर्न, 16 मार्च (भाषा)।

आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच और सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए सरकार की स्वपृथक्करण की नीति के प्रभाव पर चिंता जताई है।

आस्ट्रेलिया सरकार ने घोषणा की है कि कोरोना विषाणु के संक्रमण को रोकने की कवायद में रविवार मध्यरात्रि (15 मार्च) के बाद जो भी विदेश से देश में लौटेगा उसे 14 दिन के स्वपृथक्करण से गुजरना होगा। आस्ट्रेलिया की खेल पत्रकार वेरोनिका ईगलटन ने ट्वीट किया, असली सवाल-सरकार को कैसे पता चलेगा कि बाहर से आने वाले लोगों ने स्वयं को पृथक रखा है? फिंच ने भी ईगलटन के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा, मैं भी यही सोचकर हैरान हो रहा हूं। फिंच की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए वार्नर ने लिखा, हवाई अड्डे से घर आने के लिए उन्होंने उबर/टेक्सी/बस/ट्रेन या जो भी साधन लिया, उसका क्या होगा?



**आगमन** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाड़ी सोमवार को कोलकाता पहुंचे। सभी खिलाड़ी आज अपने घरों के लिए रवाना हो जाएंगे।

# स्थानीय लीग मैच के दौरान चोरी की घटना से डीएसए स्तब्ध

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

सीनियर डिविजन लीग मैच के दौरान यहां ड्रेसिंग रूम में चोरी की घटना से स्तब्ध दिल्ली साकर संघ (डीएसए) ने कहा है कि वह सुरक्षा से जुड़े नए कदम उठाकर स्थल को ऐसी घटनाओं से मुक्त बनाएगा।

यह घटना शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिल्ली यूनाइटेड क्लब और सिटी एफसी क्लब के बीच डीएसए के सीनियर डिवीजन मैच के दौरान हुई। दिल्ली यूनाइटेड के कुछ खिलाड़ियों के मोबाइल फोन, नकदी और अन्य सामान ड्रेसिंग रूप से चुरा लिया गया। दिल्ली यूनाइटेड टीम के मैनेजर के बयान के आधार पर लोधी कालोनी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएसए (फुटबॉल दिल्ली) भी मामले की जांच कर रहा है।

डीएसए अध्यक्ष शाजी प्रभाकरन ने एजंसी से कहा, हम नए कदम उठाएंगे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं नहीं हों। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि किसी को भी इस तरह की घटना का सामना नहीं करना पड़े। नए कदमों की सूची में प्रतिस्पर्धी टीमों से नहीं जुड़े लोगों की आवाजाही को सीमित करना और सीसीटीवी कैमरों से बेहतर निगरानी करना शामिल है।

उन्होंने कहा, यह (चोरी) निश्चित तौर पर ऐसे व्यक्ति का काम है जो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से परिचित है। अन्यथा किसी व्यक्ति को कैसे पता होता कि इतने बड़े स्टेडियम में क्या चीज कहां है। उन्होंने कहा, यह गंभीर घटना है क्योंकि इस तरह की घटनाओं से खिलाड़ी असुरक्षित महसूस करेंगे। वे मैदान पर कैसे खेलेंगे।

प्रभाकरन ने बताया कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगे और उन्हें उम्मीद जताई कि दोषियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच-छह मोबाइल फोन चोरी हुए हैं। इसके अलावा नकदी, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज भी चुराए गए हैं।

# स्वदेश वापसी में विलंब के बाद कमेंट्री में व्यस्त रहेंगे आनंद

चेन्नई, 16 मार्च (भाषा)।

कोविड-19 महामारी से जुड़ी पाबंदियों के कारण भारत वापसी में विलंब के बाद पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद कमेंट्री का अपना पहला अनुबंध पूरा करेंगे। जर्मनी में मौजूद आनंद ने स्वयं को पृथक रखा हुआ है।

आनंद की पत्नी अरुणा ने बताया कि 50 साल के इस दिग्गज को बुंदेसलीगा शतरंज लीग में खेलने के बाद सोमवार को चेन्नई लौटना था लेकिन यात्रा पाबंदियों के कारण फ्रेंकफर्ट के समीप रुकना पड़ा।

रूस के येकाटेरिनबर्ग में मंगलवार से शुरू हो रहे फिडे कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए आनंद कमेंटेटर की भूमिका में नजर आएंगे और अपने मौजूद स्थल से ही कमेंटरी करेंगे। इस प्रतियोगिता से विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन के चैलेंजर का फैसला होगा।

अरुणा ने एजंसी को बताया, वह एक वेबसाइट के लिए कैंडीडेट्स टूर्नामेंट की कमेंट्री करेंगे। उम्मीद करती हूं कि इससे वह व्यस्त भी रहेंगे। आनंद बुंदेसलीगा शतरंज लीग में ओएसजी बेडेन-बेडेन की ओर से खेल रहे थे। अरुणा ने कहा, उनकी वापसी की योजना के लिए हमें इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, वह फ्रेंकफर्ट के समीप हैं। यात्रा पाबंदियों और परामर्शों को देखते हुए उनकी वापसी की



*यात्रा* पाबंदियों के कारण विश्वनाथन आनंद को फ्रेंकफर्ट के समीप रुकना पड़ा

योजना के लिए हमें इंतजार करना होगा। अरुणा ने कहा कि आनंद ने एहतियाती कदम उठाते हुए खुद को पृथक रखा हुआ है। उन्होंने कहा, कोरोना विषाणु के खतरे के कारण उन्होंने एहतियाती कदम उठाते हुए लोगों से दूरी बना रखी है। अरुणा ने कहा कि ये असाधारण परिस्थितियां हैं और आनंद नियमित तौर पर उनसे और बेटे अखिल से बात करते हैं। उन्होंने कहा, यह असाधारण स्थिति है। लेकिन हम तकनीक के मदद से लगातार संपर्क में हैं। हम फोन और वीडियो कॉल के जरिए संपर्क में हैं। यह आभासी छुट्टियों की तरह है। अरुणा ने कहा, अखिल फोन और वीडियो कॉल पर अपने पिता से बात कर रहा है जिससे उनकी कमी महसूस नहीं हो रही है उसे।

# खिताब जीतने के बावजूद ओमान की यात्रा को गलती समझने लगे थे शरत

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने रविवार को 10 साल में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता लेकिन टूर्नामेंट के दौरान 37 साल का यह खिलाड़ी यह सोचने को बाध्य हो गया था कि कोविड-19 महामारी के कारण ओमान जाकर उन्होंने कहीं अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती तो नहीं कर दी।

शरत जब आइटीटीएफ चैलेंज प्लस टूर्नामेंट के लिए ओमान में थे तो दुनिया भर में खेल प्रतियोगिताओं के रद्द या स्थगित होने की खबरें आने लगी। ओमान में टूर्नामेंट के दौरान ही होने वाले पोलिश ओपन को स्थगित कर दिया गया और विश्व संस्था ने अप्रैल के अंत तक सभी गतिविधियों को निलंबित करने का फैसला किया। खिलाड़ियों को भी ऐसे हालात में भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ा। शरत उस समय भारत के तीसरे नंबर के एकल खिलाड़ी हरमीत देसाई सहित अन्य खिलाड़ियों के साथ मस्कट में थे। सोमवार तड़के चेन्नई लौटकर राहत महसूस कर रहे शरत ने एजंसी से कहा, जब मैंने सुना कि पोलिश ओपन निलंबित कर दिया गया है तो मैंने सोचा कि यहां आकर मैंने बड़ी गलती कर दी। शरत ने एहतियाती कदम उठाते हुए घर में खुद को पृथक रखा है।

# तेंदुलकर के लिए सबसे मुश्किल शतक था महाशतक

## इस शतक के लिए पूरे एक साल चार दिन तक इंतजार किया था

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

बल्लेबाजी के बादशाह सचिन तेंदुलकर के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 100 शतकों में सबसे मुश्किल शतक आज से ठीक आठ साल पहले शेरे ए बांग्ला स्टेडयिम में लगाया गया वह सैकड़ा था जिसके साथ उन्होंने महाशतक पूरा करके क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय लिखा था।

तेंदुलकर ने इस शतक के लिए पूरे एक साल चार दिन तक इंतजार किया था। अपने करिअर में किसी भी शतक के लिए उन्हें इतना लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा था। इससे पहले एक बार वह 315 दिन तक शतक नहीं लगा पाए थे लेकिन 99वें से 100वें शतक तक पहुंचने का इंतजार क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गया था और इसलिए इस स्टार क्रिकेटर ने इसे अपने सभी शतकों में मुश्किल शतक करार दिया था। एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ 16 मार्च 2012 को ढाका में तेंदुलकर के बल्ले से वह पारी निकल गई जिसकी धमक पूरी दुनिया में सुनाई दी थी। तेंदुलकर ने 114 रन बनाए थे जिससे इस बल्लेबाज के साथ क्रिकेट प्रेमियों ने भी राहत की सांस ली थी। तेंदुलकर ने यह शतक जड़ने के बाद कहा था, यह मेरे सभी शतकों में से सबसे मुश्किल शतक था, क्योंकि मैं कहीं भी जाता लोग इसी की चर्चा करते। कोई भी मेरे





99 शतकों के बारे में बात नहीं करता। असल में तेंदुलकर ने अपना 99वां शतक 12 मार्च 2011 को विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। इसके बाद कम से कम छह अवसर ऐसे आए जबकि वह शतक के करीब पहुंचे लेकिन इंतजार खत्म नहीं कर पाए थे। इनमें से दो बार तो वह 'नर्वस नाइंटीज' के शिकार बने थे। विश्व कप 2011 में ही पाकिस्तान के खिलाफ मोहाली में सेमी फाइनल में तेंदुलकर ने क्रिकेट प्रेमियों की धड़कनें बढ़ा दी थी लेकिन जब वह 85 रन पर खेल रहे थे तब सईद अजमल की गेंद पर शाहिद अफरीदी ने उनका कैच लपक लिया था। तेंदुलकर पूरी तरह फिट होने के कारण वेस्ट इंडीज दौरे पर नहीं जा पाए थे लेकिन इंग्लैंड दौरे पर उनके पास शतक जड़ने का बेहतरीन मौका था। उस श्रृंखला में राहुल द्रविड़ को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाया था। तेंदुलकर केवल ओवल में खेले गए चौथे टेस्ट में लय में दिखाई दिए। मैच के चौथे दिन तेंदुलकर 35 रन पर खेल रहे थे और अगले दिन जब वह केविन पीटरसन की गेंद पर चौका जड़कर 90 रन के पार पहुंचे तो सभी की जुबान पर महाशतक था। लेकिन तभी टिम ब्रेसनन की अंदर आती गेंद पर वह पगबाधा आउट हो गए। वेस्ट इंडीज के खिलाफ तेंदुलकर दिल्ली में 76 और अपने घरेलू मैदान मुंबई में 94 रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद जब भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर गई तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 100वें शतक के सम्मान के लिए विशेष ट्रॉफी तैयार की थी। तेंदुलकर जहां जाते वहां ट्रॉफी जाती लेकिन यह बल्लेबाजी का बादशाह केवल मेलबर्न (73) और सिडनी (80) में ही उम्मीद जगा पाया था। एशिया कप के लिए जब तेंदुलकर बांग्लादेश गए तो उन्होंने अपना हेयर स्टाइल बदल दिया था जिसे उनके शतक और अंधविश्वास से जोड़ा गया था। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में तेंदुलकर छह रन ही बना पाए थे लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ वह क्रीज पर टिके रहे और शतक पूरा करने में सफल रहे थे जो क्रिकेट इतिहास के सबसे महत्त्वपूर्ण शतकों में शामिल हो गया था।

# सीडीसी ने खेलों को लंबे समय तक निलंबित रखने का दिया सुझाव

लॉस एंजिलिस, 16 मार्च (एएफपी)।

अमेरिका में एनबीए और अन्य बड़ी खेल लीग को शुरुआती अनुमान से अधिक समय तक बंद रखना पड़ सकता है क्योंकि रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) ने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए इन्हें लंबे समय तक निलंबित रखने का सुझाव दिया है।

सीडीसी ने रविवार को सुझाव दिया कि खेल स्पर्धाएं और अन्य ऐसे कार्यक्रम जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हों, उन्हें अगले आठ हफ्तों तक रद्द या स्थगित किया जाए। एजंसी ने बयान में कहा, बड़े कार्यक्रम और बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने से इन कार्यक्रमों के लिए आने वाले लोगों के जरिए अमेरिका में कोविड-19 फैल सकता है और नए समूहों में यह वायरस फैल सकता है। उन्होंने कहा, बड़े कार्यक्रम और बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने वाली जगहों के उदाहरण संगोष्ठी, महोत्सव, परेड, कॉन्सर्ट, खेल प्रतियोगिताएं, विवाह समारोह आदी हैं।

### मलखंभ, क्लारिपयाडू, गतका और थंग टा की पहचान की गई

**सहायता**

### 2019-20 के लिए 10.85 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई

# खेलो इंडिया के तहत चार खेल विधाओं को दिया जा रहा बढ़ावा

नई दिल्ली, 16 मार्च (भाषा)।

खेलो इंडिया योजना के तहत ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों का संवर्द्धन करने के उद्देश्स से चार खेल विधाओं मलखंभ, क्लारिपयाडू, गतका और थंग टा की पहचान की गई है। इसके लिए अवसंरचना विकास, उपकरण, कोचों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण तथा छात्रवृत्ति के उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने संसद की एक समिति को यह जानकारी दी।

लोकसभा में पेश महिलाओं के लिए योग एवं खेल सुविधाएं विषय पर संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्द्धन करने के उद्देश्य से चार खेल विधाओं मलखंभ, क्लारिपयाडू, गतका और थंग टा को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कुल



*रिजिजू ने कहा* भारत को खेल की महाशक्ति बनाने का सपना है हमारा

10.85 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई। वर्तमान में 2.92 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने संसद की एक समिति को बताया कि मलखंभ, क्लारिपयाडू, गतका और थंग टा के 335 पदक विजेताओं को छात्रवृत्ति देने के लिए 4.02 करोड़ रुपए (एक वर्ष की अवधि के लिए प्रति खिलाड़ी 10 हजार रुपए) धनराशि संस्वीकृत की गई है। मंत्रालय ने बताया कि 1 अक्तूबर 2019 से 185 खिलाड़ी छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया मोबाइल एप का शुभारंभ किया गया था। उधर केंद्र सरकार ने कहा कि उसका सपना भारत को खेल की महाशक्ति बनाना है तथा इसके लिए खेलो इंडिया के तहत 15 हजार खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। खेल एवं युवा मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के माध्यम से जो कल्पना की थी, उसे देश के गांव-गांव तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के तहत विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में 15 हजार खिलाड़ियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत को खेल के क्षेत्र में एक महाशक्ति बनाना हमारा सपना है। रिजिजू ने कहा कि इसके लिए प्रतिभा खोज समिति बनाने का निर्णय किया गया है। यह समिति गांव में तथा उन स्थानों पर जाकर प्रतिभाओं की तलाश करेगी, जहां इनके मिलने की संभावना रहती है। वहीं कोरोना विषाणु महामारी का असर देश के सभी खेल आयोजनों पर पड़ने के बीच खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को खिलाड़ियों से हिम्मत नहीं हारने और प्रतिस्पर्धाओं के बीच कड़ी मेहनत करते रहने का आग्रह किया। रिजिजू ने ट्वीट किया, कोरोना विषाणु के कारण खेल आयोजन अस्थायी तौर पर स्थगित हो रहे हैं लेकिन मैं खिलाड़ियों से अपील करता हूं कि हिम्मत नहीं हारे और अभ्यास करते रहे। सरकार ने पिछले सप्ताह संक्रमण पर काबू करने के मकसद से यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था। खेल मंत्रालय ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों से स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह मानने को कहा है। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि अभी तक देश में 3005 खेल मैदानों को जियो टैग दिया गया है और इनमें से 109 खेल मैदान तेलंगाना में हैं।

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि खेल राज्य का विषय होने के कारण खेल मैदानों के विकास का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है। केंद्र सरकार बड़ी कमियों को दूर कर उनके प्रयासों में सहयोग करती है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत इस मंत्रालय ने तेलंगाना सहित देश के राज्यों, संघ शासित प्रदेशों में खेल अवसंरचना सुविधाओं के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों सहित 179 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 120, *हवाई शुल्क*: इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।
कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com